divyahimachal.com

# दिव्य हिमाचल

देवभूमि का सर्वाधिक लोकप्रिय मीडिया

सूर्योदय 6:41 | सूर्यास्त 6:32

शिमला
रविवार , 16 मार्च, 2025
3 चैत्र, 2081

वर्ष 29 | अंक 23 | पृष्ठ 8+8 | ₹ 5.00

हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ व उत्तराखंड में प्रसारित



रान्या के डीआरआई अफसरों पर थप्पड़ मारने-भूखे रखने के आरोप –देश.विदेश



रोहित भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के कप्तान, नौ माह में जिताए दो आईसीसी खिताब –खेलकूद



हिमाचल की कोच जगदंबा के मार्गदर्शन में फ्लोर बॉल में भारत को कांसा – यूथ लाइफ

Attention NEET / JEE Aspirants!

Join M.L. Syal's Helix Institute

where learning meets achievement !!



Sh. M.L. Syal (Founder)

Marks obtained by Helix Classroom Course Students in NEET- 2024

715/720 Pb-1 AIR-32 SHAURYA GOYAL Helix classroom student

710/720 Pb-4 AIR-167 ASHMEEN KAUR Helix classroom student

705 Pb-8 NIKHIL SAINI Helix classroom student

705 Pb-9 ANURAG Helix classroom student

705 Pb-14 KESHAV KANSAL Helix classroom student

701 Pb-19 KRISH GARG Helix classroom student

700 HP AABHYA SOOD Helix classroom student

700 Pb-28 PALLAK DHURIA Helix classroom student

696 CHD-12 OJASVI Helix classroom student


695 Pb-43 AKARSHDEEP Helix classroom student

695 Pb-45 BHUPEN GOYAL Helix classroom student

691 Nikita Pargaien
691 Loveleen Kaur
690 Tushty
690 Samardeep
690 Aman Mittal
687 Janvi
687 Nikita
685 Tanmay Gupta
685 Mridul Malik
685 Manavjot
685 Harwinder
684 Jasnoor Kaur
682 Vanshika Gupta
681 Jaiveer Singh
680 Vanshika
680 Prakriti
677 Nitish Goyal
677 Dhananjay
676 Preeti
675 Astha
673 Prabhjot Kaur
673 Khushi
672 Hanish Saini
672 Harleen Kaur
672 Milli Jindal
671 Jiya Sethi
670 Jaskaran Kaur
667 Nimrat Kaur
667 Tanu Shree
666 Harshit Mittal
666 Rhythm Thakur
666 Ananya Bansal
665 Abhishek
663 Ajaybeer Singh
662 Aarika
661 Anshul Gupta
661 Manasvi Sood
660 Pranav Bhateja
660 Harpuneet
660 Gargi Mirdha
658 Aashin
658 Nishtha
658 Abhitesh Singh
658 Praneel
657 Rudra Gupta
655 Avika
655 Mahika Jain
654 Tanisha Mahajan
654 Vasuraj Verma
653 Leeja Isherwal
652 Tavisha
652 Sania Grover
652 Robinpreet
652 Ritiz Pathania

continued on page - 2

continued from page -1



| 652 | 651 | 650 | 649 | 647 | 646 | 646 | 645 | 644 | 643 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Armanjot Kaur | Armanjot | Mukul Garg | Akanksha | Shivam Prashar | Akashnoor | Himanshu Rani | Yasir Sayeed | Nidhi | Rishav Jain |

| 642 | 642 | 641 | 641 | 641 | 641 | 640 | 640 | 638 | 638 | 637 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sarita Garg | Dhruv Bansal | Aomansh | Sukhraj Singh | Karanpreet | Akhilesh | Shreya Rani | Tanishka | Lakshya | Mehakpreet | Suhani Gupta |

| 637 | 637 | 637 | 636 | 635 | 635 | 632 | 632 | 631 | 631 | 631 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Devang Rajan | Eknoor Singh | Jaspreet Singh | Baani Sharma | Rydhm Jindal | Kudrat Kaur | Aman Singla | Nishant Dhiman | Gauri | Gaurav Singla | Shivang Sharma |

| 631 | 630 | 630 | 629 | 628 | 627 | 627 | 627 | 627 | 626 | 626 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Mumtaj Kaur | Bhumika Goyal | Parul Singh | Anish Mittal | Deepa Sahu | Aarushi Jain | Mihir Dhawan | Asmi | Abhinav Sood | Warispreet | Shubhkirat |

| 626 | 626 | 624 | 624 | 623 | 623 | 623 | 623 | 623 | 623 | 622 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Jiya Singh | Manik Saini | Gursirat Kaur | Tushar Saini | Khushi Garg | Palakpreet Kaur | Naman Singla | Amitoz Singh | Harjot Singh | Nimratpreet Kaur | Aastha |

| 622 | 621 | 620 | 620 | 619 | 619 | 619 | 618 | 618 | 617 | 617 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Arpit | Dewansh | Ashita | Simran Gupta | Rasika | Aarsh Rattan | Disha Verma | Navleen Kaur | Gurseerat Kaur | Ansh Gupta | Surkhaab Kaur |

**Many more..**

*Admissions open for*

# HSAT on 30-3-2025

## HELIX SCHOLARSHIP TEST

for admission in 9th, 10th & 11th (NEET & JEE)

### +1 NEET / JEE
Classes start on **6-4-2025**

*Apply for HSAT by visiting*
www.helixinstitute.com

### +2 NEET / JEE
Classes start on **12-4-2025**

*To enroll visit office or apply online*
www.helixinstitute.com

### 9th & 10th OFFLINE & ONLINE
Classes start on **2-4-2025**

*Apply for HSAT by visiting*
www.helixinstitute.com

### CRASH COURSE NEET-2025
starting from **22 & 27 March**

### TEST SERIES NEET-2025
starting from **26 & 30 March**

**Transport available from :** Ambala, Dera Bassi, Zirakpur, Rajpura, Khanna, Gobindgarh, Morinda, Sirhind, Fatehgarh Sahib, Bassi Pathana, Ropar, Kurali, Kharar, Sunny Enclave, Kalka, Parwanoo, Pinjore, Baddi, Nalagarh, New-Chandigarh, Amravati, Chandimandir, Panchkula, Chandigarh, Mohali, Dhakoli, Baltana, Ramgarh, Barwala, Shahzadpur, Naraingarh

**Hostel Available**

## M.L. Syal's Helix Institute®&©

SCO 343-344-345, Sector 34-A, Chandigarh

0172-3503949, 2623155, 2663424, 9815611835, 9316131832, 9872733666, 9988806090

**Sunday Open**

divyahimachal.com

देवभूमि का सर्वाधिक लोकप्रिय मीडिया

# दिव्य हिमाचल

सूर्योदय 6:41 | सूर्यास्त 6:32

शिमला
रविवार , 16 मार्च, 2025

हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ व उत्तराखंड में प्रसारित



रान्या के डीआरआई अफसरों पर थप्पड़ मारने-भूखे रखने के आरोप –देश.विदेश



रोहित भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के कप्तान, नौ माह में जिताए दो आईसीसी खिताब –खेलकूद



हिमाचल की कोच जगदंबा के मार्गदर्शन में फ्लोर बॉल में भारत को कांसा – यूथ लाइफ

# बंबर ठाकुर पर दूसरी बार जानलेवा हमला

## बिलासपुर के चंगर सेक्टर में अज्ञात बदमाशों ने घर में घुसकर बरसाई गोलियां, पीएसओ संग गंभीर रूप से घायल



- फायरिंग के बाद हमलावर फरार शहर में दहशत का माहौल
- मंडी के चक्कर से बोलेरो जब्त ड्राइवर गिरफ्तार, गाड़ी से पिस्टल की मैग्जीन भी मिली
- गोलीकांड में चार लोग तलब जांच को एसआईटी गठित

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो – बिलासपुर**

होली पर्व पर शुक्रवार को दिनदहाड़े बिलासपुर शहर के चंगर सेक्टर स्थित पॉश एरिया में बदमाशों ने पूर्व विधायक बंबर ठाकुर के घर घुसकर पिस्तौल से ताबड़तोड़ फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। इस घटना में बंबर ठाकुर समेत उनके पीएसओ गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बंबर ठाकुर की टांग पर, तो पीएसओ की पीठ व टांग पर गोलियां लगी हैं। गंभीर रूप से घायल बंबर ठाकुर का आईजीएमसी और पीएसओ का एम्स में उपचार चल रहा है। अभी उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। बता दें कि पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर दूसरी बार जानलेवा हमला हुआ है। पुलिस ने मंडी के चक्कर से उस बोलेरो गाड़ी को कब्जे में ले लिया है, जिसका इस्तेमाल शूटरों ने भागने में किया था। इसी गाड़ी के अंदर से पुलिस को एक पिस्टल की मैग्जीन भी मिली है। इस जीप के संदिग्ध

बंबर ठाकुर पर : पृष्ठ पांच पर

### एम्स नहीं, आईजीएमसी भेजो

**प्राथमिक** उपचार के दौरान घायल बंबर ठाकुर ने चिकित्सकों से कहा कि मुझे ट्रीटमेंट के लिए एम्स के बजाय आईजीएमसी शिमला रैफर किया जाए, जिस पर उन्हें आईजीएमसी शिमला रैफर किया गया और एंबुलेंस के माध्यम से शिमला ले जाया गया।

### सीएम ने जाना कुशल-क्षेम, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार आईजीएमसी, शिमला पहुंचकर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर का कुशल-क्षेम जाना। मुख्यमंत्री ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। इसके उपरांत मीडिया से अनौपचारिक बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बंबर ठाकुर को बेहतरीन चिकित्सा उपचार प्रदान करवाया जा रहा है और अब उनकी स्थिति में काफी सुधार है। इस घटना की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि यह मामला अत्यंत गंभीर और है और पुलिस को दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सुक्खू ने कहा कि विपक्ष को विरोध करने का लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन उन्हें सरकार के साथ सहयोग भी करना चाहिए। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि राज्य में नशा माफिया को कैसे पनपने दिया गया। हमारी सरकार के ईमानदार प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रदेश में आज नशे के मामलों में 30 प्रतिशत तक की गिरावट आई है।

### ड्रैगन पर जी-7 देश सख्त, एक चीन नीति से किया किनारा

**बीजिंग।** जी-7 देशों ने हाल ही में अपने बयान में 'एक चीन' नीति के संदर्भ को हटाकर एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। इस कदम की चीन ने कड़ी निंदा की है और इसे अपनी संप्रभुता के लिए खतरा करार दिया है। बीजिंग ने जी-7 के इस फैसले को 'अहंकारी और दोहरे मापदंड' वाला कदम बताया, जिससे दोनों पक्षों के बीच तनाव और बढ़ गया है। शनिवार को जारी रिपोर्ट्स के अनुसार, जी-7 ने अपने ताइवान से संबंधित बयान से 'एक चीन' नीति का उल्लेख हटा दिया, जो लंबे समय से इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने का आधार रही है। इस नीति के तहत अमरीका समेत कई देश आधिकारिक तौर पर ताइवान को चीन का हिस्सा मानते हैं, हालांकि वे इसके साथ अनौपचारिक संबंध बनाए रखते हैं। जी-7 के इस बदलाव को लेकर विशेषज्ञों का मानना है कि यह पश्चिमी देशों की ओर से चीन के प्रति सख्त रुख को दर्शाता है।

VASAL EDUCATION®
Building a brighter tomorrow

WE ARE HIRING!

Cambridge International School, Dasuya | GEMS Cambridge International School, Hoshiarpur | Ivy World School, Jalandhar
Ivy World Play School, Jalandhar | Ivy World Play School, Ludhiana

*We invite applications from Teachers & Administration staff for the following posts for the academic year 2025-26*

**TGT Teacher**
- English, Math, Punjabi, History & Science.
- 2-3 years of experience as TGT.
- Bachelors with B.Ed.
- Salary : 25-35k

**PGT Teacher**
- Chemistry, History & Economics.
- 5 years of experience as PGT.
- Masters with B.Ed.
- Salary : 50-55k

**PRT Teacher**
- SST, Math & Mother Teacher.
- Bachelors with B.Ed.
- Salary : 22-28k

**PPRT Teacher**
- Mother Teacher.
- Bachelors with B.Ed.
- Salary : 22-28k

**Chief Admin Officer**
- Graduation
- 10+ years of experience as an Administrative Officer in renowned schools
- Salary : 60 -70k

**Accounts Executive**
- Bachelor in commerce
- Salary : 25-30k

Contact No. 9781074848,9872589600
Email. hr@vasaledu.com / admexecutive.ves@gmail.com

Salary Scale: Excellent remuneration package. Perks include DA, partially furnished accommodation for outstation candidates/HRA, ESI, EPF, Gratuity, Medical allowance, lunch on working days. Transportation available from Jalandhar, Hoshiarpur and surrounding areas.

*Kindly Share your updated CV with colored photograph*

# अमृतसर में मंदिर पर ग्रेनेड से हमला, आईएसआई पर शक



**निजी संवाददाता – अमृतसर**

पंजाब में अमृतसर के खंडवाला इलाके में शुक्रवार देर रात बाइक से आए दो हमलावरों ने 'ठाकुरद्वारा मंदिर' पर ग्रेनेड हमला किया। इस ग्रेनेड हमले से इलाके में दहशत फैल गई। गनीमत यह रही कि जब यह ग्रेनेड फटा, तो मंदिर में श्रद्धालु नहीं थे। अमृतसर के पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने शुरुआती जांच में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की संलिप्तता की आशंका जताई है। श्री भुल्लर ने शनिवार को कहा कि पुलिस को मंदिर के पुजारी ने रात करीब दो बजे घटना की जानकारी दी। वह उस समय मंदिर के अंदर ही सो रहे थे, लेकिन बाल-बाल बच गए। उन्होंने कहा कि वह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। मंदिर की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं और खिड़कियों के शीशे टूट गए। उन्होंने कहा कि घटना की सीसीटीवी फुटेज में दो अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल पर 'ठाकुरद्वार मंदिर' की ओर आते


अमृतसर में मंदिर : पृष्ठ पांच पर

# सुक्खू कल पेश करेंगे प्रदेश का बजट

## तैयारी पूरी, इस बार हटकर होगी वित्तीय व्यवस्था, अफसरों संग बैठक में फाइनल किया ड्राफ्ट

**शकील कुरैशी – शिमला**

- होली के दिन भी हुई थी बैठक शनिवार को पूरा दिन चली चर्चा
- ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने पर फोकस, शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने को होंगे बड़े ऐलान



मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सोमवार को अपने कार्यकाल का तीसरा बजट पेश करेंगे। प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए दिन-रात जुटे मुख्यमंत्री सुक्खू का 2025-26 का बजट लीक से हटकर होगा। कई वर्षों के वित्तीय कुप्रबंधन से नाराज श्री सुक्खू स्पष्ट रूप से संकेत दे चुके हैं कि अर्थव्यवस्था को स्वावलंबी बनाने के लिए कई कड़े फैसले लेने होंगे। उनके मार्गदर्शन में बजट को अंतिम रूप दे दिया गया है। होली के दिन दोपहर में जश्न मनाने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शाम को सचिवालय गए थे, जहां पर उन्होंने रात तक अधिकारियों के साथ बजट पर मंथन किया। इसके बाद शनिवार दोपहर से अधिकारियों के साथ सचिवालय में बैठक चलती रही और देर शाम तक सीएम ने इसे अंतिम रूप दे दिया। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, प्रधान सचिव वित्त देवेश

सुक्खू कल पेश : पृष्ठ पांच पर

### 2850 करोड़ की सालाना इनकम का टारगेट

**सरकार** ने अपने संसाधनों को जुटाने के लिए कड़े प्रयास किए हैं और आगामी वित्त वर्ष में भी वह कई प्रयास करेगी। इस बार आबकारी नीति की बात करें, तो सरकार ने 2850 करोड़ रुपए की सालाना इनकम का टारगेट इससे रखा है, जो पिछले साल से ज्यादा है। इसके अलावा टोल टैक्स में भी कुछ बढ़ोतरी की जाएगी, वहीं खनन नीति में परिवर्तन के बाद सरकार इसमें 500 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। इस बार बिजली की सबसिडी को भी खत्म किया जा सकता है और इससे सरकार लगभग एक हजार करोड़ रुपए बचाएगी। यदि सरकार ने एक ही मीटर पर सबसिडी रखी, तो इससे उसे फायदा होगा। इनके अलावा अगर संसाधन जुटाने की बात करें, तो इस साल बिजली की रॉयल्टी से सरकार को 1600 करोड़ रुपए के आसपास की इनकम हुई है, जिसे भी अगले वित्त वर्ष में बढ़ाया जाएगा। इसमें 300 से 400 करोड़ की इजाफा हो सकता है, क्योंकि कुछ नई परियोजनाएं यहां संचालन में आ जाएंगी। कई दूसरे संसाधनों पर जोर दिया जाएगा।

### सवाल

क्या ट्रंप की पॉलिसी पर भारत को कड़ा जवाब देना चाहिए?

**जवाब देने के लिए लॉगऑन करें :**
divyahimachal.com या
divyahimachal
divyahimachal

**पत्र भेजें:** हमारे इस सवाल पर आपकी सहमति और असहमति बहुत मायने रखती है। आपके विचारों का हम पत्र के रूप में भी स्वागत करेंगे।

**ईमेल करें :**
edit.dshala@divyahimachal.com

# आतंकी रिंदा के तीन गुर्गे गिरफ्तार

## नांदेड़ हत्याकांड में शामिल थे तीनों; एक्शन गन, पिस्तौल और जिंदा कारतूस जब्त

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो – चंडीगढ़**

- एसएसओसी मोहाली की कार्रवाई; दो महाराष्ट्र, एक रोपड़ का रहने वाला

पंजाब में राज्य विशेष ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) मोहाली ने खुफिया जानकारी के आधार पर किए गए एक अभियान में, नांदेड हत्याकांड के तीन सह आरोपियों को गिरफ्तार कर आईएसआई समर्थित पाकिस्तान स्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) आतंकवादी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा के नेटवर्क के एक प्रमुख मॉड्यूल को ध्वस्त कर दिया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जगजीत सिह उर्फ जग्गी (नांदेड़ महाराष्ट्र), शुभम खेलबुडे (नांदेड़, महाराष्ट्र) और गुरदीप सिंह उर्फ दीपा (रोपड़, पंजाब) के तौर पर हुई है। पुलिस ने उनके पास से आठ कारतूसों सहित एक .32 बोर पिस्तौल और 15 जिंदा कारतूसों सहित एक 12 बोर पंप-एक्शन गन बरामद की है। डीजीपी यादव ने बताया कि जगजीत सिंह उर्फ जग्गी महाराष्ट्र में कई आपराधिक मामलों में सह-आरोपी। वह दस फरवरी 2025 को हुए नांदेड़ हत्याकांड में शामिल शूटरों के लिए रसद, सुरक्षित ठिकानों और समन्वय को सुविधाजनक बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसका मास्टरमाइंड सीमा पार से रिंदा था। इसी प्रकार, गुरदीप सिंह उर्फ दीपा भी आश्रय और रसद सहायता प्रदान करने का आरोपी है। उन्होंने बताया कि जांच में जेल में बंद गैंगस्टर दिलप्रीत उर्फ बाबा की भूमिका का भी पता चला है, जो रिंदा का पुराना साथी है, जिसने आरोपियों के लिए पंजाब में सुरक्षित ठिकानों की व्यवस्था की थी। डीजीपी यादव ने बताया कि यह ऑपरेशन विभिन्न राज्यों में फैले एक सुव्यवस्थित आतंक और अपराध सिंडिकेट पर एक महत्त्वपूर्ण सेंध लगाता है, जो एक बीकेआई आतंकवादी के आदेश के तहत काम कर रहा था। इस संबंध में पुलिस थाना एसएसओसी, मोहाली में मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच चल रही है।

### इराक ने सीरिया का आईएसआईएस चीफ अबू खदीज मार गिराया

**बगदाद।** इराक की सेना ने एयरस्ट्राइक में आईएसआईएस के सीरिया प्रमुख अबू खदीजा को मार गिराया। इसकी पुष्टि इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने की। इस पूरे ऑपरेशन में अमरीका के नेतृत्व वाले गठबंधन ने भी सहयोग दिया। प्रधानमंत्री सुदानी ने कहा कि अबू खदीजा इराक और दुनिया के सबसे खतरनाक आतंकियों में से एक था। कभी इराक और सीरिया के बड़े हिस्से पर कब्जा करने वाला आईएसआईएस अब फिर से संगठित होने की कोशिश कर रहा है। 2014 में अबू बक्र ने इराक और सीरिया के एक बड़े हिस्से में खिलाफत का ऐलान किया था, लेकिन 2019 में वह अमरीकी सेना के ऑपरेशन में मारा गया।

# कर्नाटक में मुस्लिम ठेकेदारों को आरक्षण

## सिद्धारमैया कैबिनेट ने पास कर दिया प्रस्ताव, भाजपा ने बोला हमला

**एजेंसियां – बंगलुरु**



कर्नाटक कैबिनेट ने कर्नाटक ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्योरमेंट (केटीपीपी) एक्ट में संशोधन को मंजूरी दे दी है। एजेंसी के मुताबिक इस कानून में संशोधन करके ठेके में मुसलमान ठेकेदारों को चार फीसदी का आरक्षण दिया जाएगा। सीएम सिद्धारमैया की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस फैसले पर मुहर लगाई गई है। मौजूदा विधानसभा सत्र में ही इस संशोधन विधेयक को पेश किया जा सकता है। इससे पहले सात मार्च को भी सिद्धारमैया ने कहा था कि सरकारी कामकाज के चार फीसदी ठेके मुस्लिमों के लिए आरक्षित किए जाएंगे। सिद्धारमैया कैबिनेट के इस फैसले को लेकर बीजेपी ने करारा हमला बोला है। बीजेपी ने कर्नाटक सरकार के बजट को ही औरंगजेब से प्रेरित बता दिया था। कर्नाटक सरकार के इस फैसले पर भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भाजपा इसके खिलाफ है और हम इसका विरोध करते रहेंगे। सरकारी ठेकों पर आरक्षण पूरी तरह से असंवैधानिक है।





# सुनीता विलियम्स की घर वापसी को मिशन लॉन्च

## एलन मस्क के रॉकेट ने भरी उड़ान, नौ महीने बाद 19 मार्च को धरती पर लौटेंगे



**एजेंसियां – फ्लोरिडा**

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन यानी आईएसएस में फंसी भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स वापस पृथ्वी पर आने वाली हैं। उन्हें और एस्ट्रोनॉट बुच विल्मोर को वापस लाने के लिए अमरीकी स्पेस एजेंसी नासा और स्पेसएक्स ने एक मिशन लॉन्च किया है। सुनीता विलिम्स 19 मार्च को आईएसएस से धरती पर वापसी करेंगी। लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार को एलन मस्क की स्पेस एजेंसी स्पेसएक्स का रॉकेट फॉल्कन 9 भारतीय समयानुसार करीब 4:30 बजे लॉन्च कर दिया गया। अमरीकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से इसे लॉन्च किया। इसमें क्रू ड्रैगन कैप्सूल से जुड़ी चार सदस्यीय टीम आईएसएस के लिए रवाना हुई। इस मिशन को क्रू -10 नाम दिया गया है। सुनीता और उनके साथ गए बुच विलमोर नौ महीने से आईएसएस पर फंसे हैं। उनके स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसकी वजह से उनकी वापसी तय समय पर नहीं हो पाई थी। नए दल में नासा की ऐनी मैकक्लेन और निकोल एयर्स, जापानी अंतरिक्ष एजेंसी जापान एयेरोस्पस ऐक्स्प्लोराशन एजेंसी (जाक्सा) के ताकुया ओनिशी और रूसी स्पेस एजेंसी रोस्कोस्मोस के कोस्मोनॉट किरिल पेस्कोव शामिल हैं। ये चारों अंतरिक्ष यात्री आईएसएस पहुंचकर सुनीता विलियम्स, बुच विलमोर और क्रू-9 के दो अन्य सदस्यों की जगह लेंगे।



## मंत्री धनीराम शांडिल बोले, प्रदेश के लोगों को मिलेंगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

स्वास्थ्य मंत्री डा. कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश राजकीय डेंटल महाविद्यालय एवं अस्पताल में कोन बीम कम्प्यूटेड टोमोग्राफी सीबीसीटी यूनिट स्थापित की गई है। यह सीबीसीटी यूनिट अत्याधुनिक रेडियोग्राफिक निदान उपकरण है, जो राज्य में अपनी तरह का एकमात्र है। इस उपकरण से समस्त जबड़ा एवं मैक्सिलोफेशियल क्षेत्र को सबसे बड़ी कवरेज प्रदान होती है। सरकार का यह प्रयास लोगों को दंत चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने में सहायक साबित होगा...



शिमला — मुख्यमंत्री सुक्खू सहित कई मंत्री और विधायक राजभवन में होली मनाने पहुंचे। इस दौरान नाटी डालते राज्यपाल शिप प्रताप शुक्ल, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया, सीएम सुखविंदर सुक्खू, पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह, स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल व अन्य गणमान्य

# सीएम ने राज्यपाल संग खेली होली

## राजभवन-ओकओवर में खूब उड़ा गुलाल, कई मंत्री-विधायक भी रहे मौजूद

**चीफ रिपोर्टर — शिमला**

होली पर राजभवन और ओक ओवर रंगों से सराबोर रहा। यहां पूरा दिन जश्न मनाया गया और जमकर गुलाल उड़ा। रंगों के इस त्योहार पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मिलकर होली मनाई। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अन्य मंत्रियों व नेताओं के साथ राजभवन पहुंचे, जहां उन्होंने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को रंग लगाया। यहां नाटियों का भी दौर चलता रहा। राज्यपाल को गुलाल लगाने के बाद मुख्यमंत्री वापस ओकओवर आए और यहां उनके घर पर समर्थकों ने खूब रंग उड़ाए। राजभवन में होली मिलन कार्यक्रम में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला ने भाग लिया और प्रदेश के लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने धर्मपत्नी कमलेश ठाकुर और विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया के साथ राजभवन पहुंच कर राज्यपाल को होली की



शुभकामनाएं दीं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा. कर्नल धनी राम शांडिल और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी समारोह में शामिल हुए। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर अपनी धर्मपत्नी डा. साधना ठाकुर, अन्य भाजपा विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ राज्यपाल से मिले और होली की बधाई दी। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा तथा अन्य अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इसके साथ ओकओवर में मुख्यमंत्री अपने परिवार संग होली उत्सव में मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं।

## महिला कर्मचारियों को विशेष मातृत्व अवकाश

**शिमला** — राज्य सरकार ने सरकारी क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को विशेष मातृत्व अवकाश देने का निर्णय लिया है। इसके तहत सरकार ने उन महिलाओं के लिए 60 दिन का विशेष मातृत्व अवकाश मिलेगा, जो मृत शिशु को जन्म देती हैं या जन्म के तुरंत बाद बच्चे को खो देती हैं। प्रदेश सरकार ने इस संदर्भ में केंद्र सरकार की तरफ से जारी अधिसूचना पर अमल करने का निर्णय लिया है। विशेष मातृत्व अवकाश का लाभ उस सरकारी कर्मचारी को मिलेगा जिसके दो से कम जीवित बच्चे हों। यानी मातृत्व अवकाश को लेकर वही नियम एवं शर्तें लागू होंगी, जो केंद्र सरकार के कर्मचारियों को लेकर जारी की गई है। सरकार की तरफ से यह निर्णय इसलिए लिया गया है ताकि दुखद परिस्थिति में शारीरिक और भावनात्मक रूप से उभरने का अवसर मिल सके।

# हर वर्ग का ख्याल रखेंगे मुख्यमंत्री

## सुक्खू के तीसरे बजट से बड़ी उम्मीद, स्वास्थ्य-शिक्षा के साथ कर्मचारियों का ध्यान रखेगी सरकार




**चीफ रिपोर्टर — शिमला**

हिमाचल सरकार का तीसरा बजट सोमवार को पेश होगा। विषम आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद सरकार बेहतरीन बजट पेश करने की पूरी कोशिश करेगी, क्योंकि सभी वर्गों को इस बजट से काफी उम्मीदें हैं। इस बजट में सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए जहां कुछ बड़ी घोषणाएं कर सकती है, वहीं राज्य में स्वास्थ्य, शिक्षा, कर्मचारी, किसान, बागबान भी सरकार से उम्मीदें लगाए बैठे हैं। हिमाचल प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाए जाने जरूरी हैं। प्रदेश में पर्यटन को पंख लगाने के लिए सरकार को उम्मीद है कि इस साल एडीबी का बड़ा प्रोजेक्ट हासिल हो जाएगा, जो कि पिछले साल नहीं हो सका। वर्तमान सरकार ने पिछले दो सालों में प्रयास किए भी हैं, जिसके तहत बिलासपुर के गोविंद सागर व महाराणा प्रताप पौंग बांध में क्रूज चलाकर जल क्रीड़ाएं शुरू की हैं। प्रदेश में धार्मिक पर्यटन, साहसिक पर्यटन, परंपरागत पर्यटन की अपार संभावनाएं है और इस बजट में उम्मीद है कि सरकार इस पर बड़ा काम करेगी।

### मुलाजिमों को आस

**कर्मचारी** वर्ग को सरकार से उम्मीद है कि उनका बकाया वेतनमान का एरियर देने की कोई घोषणा होगी साथ ही रिटायरमेंट आयु बढ़ाने को लेकर सरकार कोई फैसला लेगी। डीए की रुकी हुई किश्तें मिलने की भी आस कर्मचारियों ने लगा रखी है। पेंशनर्ज के मेडिकल रिइम्बर्समेंट के लाखों के बिल लंबित हैं, जिनके लिए सरकार घोषणा कर सकती है। साथ ही श्रमिक वर्ग अपनी दिहाड़ी को बढ़ाने के लिए इंतजार में हैं। बेरोजगारों को आस है कि सीएम बजट में विभागों में होने वाली नई भर्तियों को लेकर भी ऐलान करेंगे।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए हो सकते हैं बड़े ऐलान

**स्वास्थ्य क्षेत्र** की बात करें तो हेली एंबुलेंस सेवा और 69 आदर्श स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर उपचार सुविधा मिलने की उम्मीद है। जिसके लिए बेहतर उपकरणों के साथ अस्पतालों में रिक्त छह हजार से अधिक पदों के भरने पर ही ये संभव है। प्रदेश में वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 3415 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। प्रदेश में कैंसर के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। कैंसर सुविधा को चरणबद्ध तरीके से डे.केयर के तौर पर शुरू किया जाना था और इस दिशा में प्रदेश के 69 आदर्श स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले समय में इसके शुरू होने की उम्मीद है। प्रदेश में सड़क हादसों के कारण होने वाली मृत्यु दर में कमी, हेली एंबुलेंस, ट्रामा सेंटर सुविधा और मेडिकल कालेजों की सेहत में सुधार से होगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के तहत करीब 28 हजार पद सृजित हैं। इनमें से सात हजार से अधिक पद रिक्त हैं। इनमें से 170 के करीब पद चिकित्सकों के खाली हैं, जबकि मेडिकल कालेजों के शामिल किए जाएं, तो 300 पद खाली हैं। चिकित्सा अधिकारियों के 200 पदों को भरे जाने की प्रक्रिया हिमाचल प्रदेश लोकसेवा आयोग के माध्यम से हो रही है। सबसे अधिक पद स्टाफ नर्स, स्वास्थ्य कर्मियों, लैब तकनीशियनों, ओटीए, रेडियोलॉजी आदि के खाली हैं।

### किसानों के लिए योजनाएं

**राज्य** के किसानों को कुछ नई और ज्यादा से ज्यादा लाभ की योजनाएं चलाए जाने की उम्मीद है। प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा सरकार देगी, जिसके लिए केंद्रीय मिशन से भी इस साल में मदद मिलेगी। वहीं, दुग्ध खरीद का मूल्य और बढ़ सकता है। साथ ही गोबर खरीद का बढ़ावा दिया जाएगा। बागबानों के लिए नए बागीचों को तैयार करने में सरकार मदद करेगी, जिसके लिए विशेष प्रावधान होने की उम्मीद है। साथ ही सेब का समर्थन मूल्य बढ़ाने, सेब पर आयात शुल्क का मामला उठाना भी बेहद जरूरी है।

# ट्रेजरी से पैसा चाहिए, तो जल्द भेजें क्लेम

## वित्त वर्ष की क्लोज़िंग को लेकर सरकार ने जारी किए आदेश



- ट्राइबल के लिए 26, अन्यों के लिए 25 को बंद हो जाएगा लेन-देन
- 29 की शाम तक जाएगा बैंकों को पैसा जारी करने का फरमान
- 30 और 31 मार्च को सार्वजनिक अवकाश के चलते बंद रहेंगे बैंक

**चीफ रिपोर्टर — शिमला**

हिमाचल प्रदेश में जारी वित्त वर्ष 31 मार्च को समाप्त हो जाएगा। ऐसे में सभी विभागों के डीडीओ को निर्देश जारी किए गए हैं कि वे 25 मार्च से पहले ट्रेजरी से लिए जाने वाले क्लेम भेज दें, क्योंकि ट्रेजरी अपना लेन-देन से संबंधित कार्य 25 मार्च शाम पांच बजे तक बंद कर देगी। हालांकि ट्राइबल एरिया के लिए लेन-देन एक दिन बाद यानी 26 मार्च को शाम पांच बजे क्लोज होगा। प्रधान सचिव वित्त की ओर से सभी विभागाध्यक्षों, उपायुक्तों व एडीसी काजा व पांगी को यह पत्र जारी किया गया है और इसमें कहा गया है कि वे तय अवधि में अपने क्लेम करें। जारी आदेशों में कहा गया है कि ट्रेजरी संबंधित विभागों, जिलों से होने वाले क्लेम के ऑर्डर संबंधित बैंकों को 29 मार्च शाम पांच बजे तक कर देगी। इसके बाद कोई पैसा नहीं जाएगा। बैंकों को भी इस संबंध में हिदायत दी गई है कि ट्रेजरी की ओर से जो पे-ऑर्डर उनको 29 मार्च शाम पांच बजे तक आएंगे, उनको ही क्लियर करें। इसके बाद 30 मार्च को रविवार का अवकाश रहेगा और 31 मार्च को ईद के अवसर पर छुट्टी होगी। ऐसे में सरकार के क्लोजिंग बिजनेस को लेकर तय अवधि में सभी को ट्रेजरी ड्रॉ से जुड़े काम को निपटाने को कहा गया है। सरकार ने इससे पहले ही सभी विभागों के विभागाध्यक्षों को भी हिदायत दे दी है और उनको कहा गया है कि वह समय पर बजट में घोषित योजनाओं का जो पैसा ट्रेजरी से लेना है, उसके लिए आवेदन कर दें। इसके बाद पैसा लैप्स हो जाता है। हर साल किसी न किसी विभाग का पैसा लैप्स होता है। इस बार ऐसा न हो और 30 व 31 तारीख के इंतजार में डीडीओ न रहें, इसलिए पहले से यह पत्र जारी करके वित्त विभाग ने सभी को निर्देश दे दिए हैं। बता दें कि हाल ही में वित्त विभाग ने विधायक क्षेत्र विकास निधि का पैसा भी जारी किया है। सभी विधायकों को उनका रुका हुआ पैसा मिल गया है और उनको भी सरकार ने यही कहा है कि वह उपायुक्तों को अपनी रेकमेंडेशन भेज दें, ताकि समय रहते ट्रेजरी से पैसा विड्रॉ हो सके। इसके साथ बता दें कि शनिवार को कई योजनाओं का पैसा ट्रेजरी से जारी कर दिया गया है। इसमें एचआरटीसी के ड्राइवर व कंडक्टरों को भी 10 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। ऐसे ही जो बिल ट्रेजरी में रुके हुए थे, उनको भी निकाला जा रहा है। ट्रेजरी एंड अकाउंट्स डिपार्टमेंट यह सुनिश्चित करेगा कि 25 मार्च से पहले-पहले उनके पास आए बिलों को निपटा दिया जाए।

### काजा और पांगी के लिए विशेष दिशा निर्देश

**प्रधान सचिव** वित्त की ओर से सभी विभागाध्यक्षों, उपायुक्तों व एडीसी को जो पत्र जारी किया गया है, उसमें एडिशनल डिप्टी कमिश्नर काजा और पांगी का भी विशेष रूप से उल्लेख किया गया है। उनको कहा गया है कि वह भी समय रहते अपने बिलों का भुगतान करने के लिए सूचनाएं भेजें, क्योंकि उनके यहां पर एडीसी ही प्रशासनिक व्यवस्थाएं देखते हैं। इसलिए उनको यह पत्र भेजा गया है। वहीं, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति जैसे बड़े महकमों की ओर से तेजी से डिमांड भेजी जा रही है, क्योंकि इनके यहां पर ठेकेदारों को पेमेंट की जानी है। हाल ही में सरकार ने विधानसभा में सप्लीमेंटरी बजट पास किया है, जिसके बाद ट्रेजरी के पास पैसा भी उपलब्ध हुआ है। जिन कार्यों का पैसा अभी तक रिलीज नहीं हो पाया था, अब पैसा मिलने से उसको जारी किया जा रहा है। अगले कुछ दिनों तक ट्रेजरी पर काफी ज्यादा व्यस्तता रहेगी। ट्रेजरी ने सभी संबंधित बैंकों को भी निर्देश दिए हैं कि वह 29 मार्च शाम पांच बजे तक ट्रेजरी से आने वाले निर्देशों की पूरी तरह से पालना करें और विभागीय डिमांड के साथ जिलों की डिमांड पर तुरंत पैसा उनके खाते में रिलीज करने को अधिमान दें ताकि बाद में किसी तरह की शिकायतें न आए।

# अब जरूरत के हिसाब से सरसों तेल देगी सुक्खू सरकार

## शादी या अन्य समारोह के लिए कार्ड दिखाने पर डिपो में मिलेगी सुविधा

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो — धर्मशाला**

हिमाचल के लाखों राशनकार्ड धारकों के लिए प्रदेश सरकार ने बड़ी राहत देने का प्लान बनाया है। अब राशनकार्ड धारक अपनी जरूरत के हिसाब से डिपुओं में सस्ता सरसों का तेल ले सकते हैं। इसके लिए उपभोक्ताओं को किसी शादी या अन्य समारोह से संबंधित दस्तावेज यानी कार्ड आदि डिपो होल्डर को दिखाना होगा। बता दें कि राशन डिपो में बाजार से कम रेट पर राशन मिलता है। उसी तरह खाद्य तेल भी बाजार से कम दामों पर मुहैया करवाया जाएगा। प्रदेश सरकार ने इस बारे में जरूरी दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। प्रदेश सरकार अभी तक एक राशन कार्ड पर अधिकतम दो लीटर सरसों तेल दे रही है, लेकिन अब सरकार ने इन आदेशों में राहत दी है। यानि अब उपभोक्ता




डिपुओं में जाकर जरूरत के मुताबिक सरसों तेल खरीद सकते हैं। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के जिला नियंत्रक पुरुषोतम सिंह का कहना है कि लोग अब घर में किसी समारोह के लिए अपनी जरूरत के हिसाब से सरसों का तेल राशन डिपो से ले सकते हैं। बाजार से सस्ते रेट पर सरसों का तेल मिलने से लोगों को काफी राहत मिलेगी।

### प्रदेश में इतने राशनकार्ड

**प्रदेश में** कुल राशनकार्ड धारकों की संख्या 19,65,589 हैं, जो 4500 से अधिक डिपुओं के माध्यम से सस्ते राशन की सुविधा का लाभ उठा रहे है। यहां उपभोक्ताओं को आटा, चावल, तेल, तीन अलग-अलग किस्म की दालें, सरसों तेल और नमक सस्ते रेट पर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, लेकिन अब सरकार ने लोगों को डिपुओं से सरसों का तेल जरूरत के हिसाब से उठाने की सुविधा दी है।

# पता नहीं, कहां और कितनी जमीन जाएगी

## एनएचएआई की कार्यप्रणाली, बार-बार फोरलेन निर्माण कंपनियां बदलने से लोग परेशान

**पवन कुमार शर्मा — धर्मशाला**

पठानकोट-मंडी फोरलेन की जद में आने वाले कई क्षेत्र राष्ट्रीय उच्च राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की कार्यप्रणाली से हताश हैं। कई प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि उनकी कितनी और कहां की जमीन उनके हाथ से निकल जाएगी। कई प्रभावितों को अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी भूमि कहां तक ली जा रही है और न ही विभाग द्वारा कोई अंतिम सीमा बताई गई है। निर्माण करने वाली कंपनियां भी कुछ समय बाद बदल रही हैं, जिससे जनता



परेशान है। हालात यह हैं कि प्रभावितों में भी कई भूमि मालिक हैं, तो कई दशकों पहले से किराए पर दुकान लेकर अपना रोजगार चला रहे हैं। फोरलेन निर्माण में लगी कंपनियों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि निर्माण एक से दूसरे और फिर दूसरे से तीसरे इंजीनियर की देख रेख में दिया जा रहा है। पहले वाला अधिकारी कुछ और बात कहता है, लेकिन थोड़े दिनों के बाद आने वाला कोई दूसरा इंजीनियर और उसकी लेबर अपने ही ढंग से काम शुरू कर देते हैं। मशीनों से लोगों के घरों को जाने वाले रास्ते, घर व दुकानों के सामने नालियां खोदी जा रही हैं, जिससे स्थानीय लोग प्रभावित हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि फोरलेन बनना है, सह सच्चाई है और इसे सभी स्वीकार भी कर रहे हैं, लेकिन इसके लिए ली जाने वाली भूमि का अंतिम छोर व सड़क का लेवल प्रभावितों को बताया जाना चाहिए, ताकि वे समय पर वैकल्पिक व्यवस्था कर सकें। ऐसा न होने से और बार बार स्थान बदलने से उन्हें परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों ने मांग की है कि पहले सारे मामले को सेटल किया जाए और प्रभावितों को राहत दी जाए।

### कई परिवार हुए विस्थापित

**इन दिनों** मंडी पठानकोट फोरलेन का काम चल रहा है। फोरलेन की जद में आने से कई परिवारों को विस्थापन का दर्द झेलना पड़ा है। प्रभावित परिवारों का कहना है कि प्रशासन उनके पूरे मामले को सेटल नहीं कर रहा है और ऊपर से घर व दुकानें खाली करने के आदेश जारी कर दिए हैं। इस संबंध में प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन को संज्ञान लेना चाहिए।

# सिरमौर में सिंबलवाड़ा में मिला दुर्लभ किंग कोबरा

## वाइल्ड लाइफ विंग ने किया रेस्क्यू, नेशनल पार्क में पहली बार दिखा 10 फुट लंबा सांप

**सुभाष, धीरज - नाहन, पांवटा साहिब**

दुनिया का दुर्लभ व अत्यंत जहरीला किंग कोबरा जिला सिरमौर के कर्नल शेरजंग नेशनल पार्क सिंबलवाड़ा में वाइल्ड लाइफ विंग द्वारा रेस्क्यू किया गया है। तकरीबन 10 फीट लंबा दुनिया का सबसे जहरीले सांपों में शामिल किंग कोबरा की पुष्टि वाइल्ड लाइफ विंग द्वारा की गई है। वहीं, वाइल्ड लाइफ विंग के डीएफओ शाहनवाज भट्ट ने बताया कि प्रदेश की बायोडायवर्सिटी में ऐसा किंग कोबरा पहली मर्तबा दिखा है। यह दुनिया की रेयर स्नेक प्रजाति है। नेशनल पार्क के रेंज ऑफिसर सुरेंद्र कुमार, फोरेस्ट गार्ड विंकेश चौहान, वनरक्षक वीरेंद्र शर्मा ने किंग कोबरा को रेस्क्यू किया है। वन अधिकारियों ने बताया कि नेशनल पार्क के साथ लगते रिहायशी घरों के



पास किंग कोबरा स्थानीय लोगों द्वारा देखा गया, जिसकी सूचना वन्य प्राणी विभाग राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारियों को दी गई। इसके बाद वन्य प्राणी विभाग की टीम ने किंग कोबरा को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया है। वन्य प्राणी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इन दिनों स्नेक का प्रजनन सीजन चला हुआ है। नर सांप प्रजनन सीजन में मादा की तलाश में अपने हैबिटेट से बाहर निकलते हैं। शायद इसी के चलते किंग कोबरा भी यहां ट्रेस हुआ है। हालांकि इससे पूर्व भी कोलर जंगलोट में स्थानीय ग्रामीणों ने इस तरह के कोबरा को देखा है, मगर किंग कोबरा की पहचान न हो पाने के कारण यह दुर्लभ प्रजाति उनकी पहुंच से दूर रही। वाइल्ड लाइफ सिंबलवाड़ा के फोरेस्ट गार्ड विंकेश चौहान ने बताया कि रेस्क्यू किया गया किंग कोबरा का नेचुरल हैबिटेट लगभग आठ किलोमीटर के भीतर होता है। रेस्क्यू किए गए किंग कोबरा को भी ऐसे ही हैबिटेट में छोड़ा गया है, जो हल्की नमी वाला स्थल है। यह किंग कोबरा का पसंदीदा स्थल होता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि किंग कोबरा जैसे स्नेक को दूसरे स्थानों से नहीं पकड़ा जा सकता, क्योंकि यह दुर्लभ प्रजाति है। नेचुरल हैबिटेट बदलने पर इनका जीवित रहना नामुमकिन होता है।

# जयराम का आरोप, प्रदेश में कानून व्यवस्था बेहाल

**निजी संवाददाता — थुनाग**

- बिलासपुर गोलीकांड प्रकरण पर बोले नेता प्रतिपक्ष



सराज विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडल जंजैहली और थुनाग के दौरे के दौरान कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। सुक्खू सरकार कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर गंभीर ही नहीं है। इस कारण बिलासपुर में गोलीकांड जैसी घटना सामने आई है। यह पहली बार नहीं है जब बिलासपुर में इस तरीके से दिनदहाड़े रहने गोलियां चलाई गई हो। इसके पहले भी इसी तरीके की घटना हुई। उन्होंने मांग की कि इस मामले की गंभीरता से जांच हो और इस प्रकरण में दोषी समस्त अपराधियों पर कानून के तहत कार्रवाई हो। इस घटना के पीछे के कारण और इसकी साजिश की पूरी कहानी सामने आनी चाहिए। अपराधियों पर सख्त सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडल जंजैहली और थुनाग के भाजपा पदाधिकारियों के साथ परिचय बैठक भी की।

**सस्पेंस** | तीन वरिष्ठ अफसरों में से ही होगा नया मुख्य सचिव, बतौर सीएस प्रबोध सक्सेना का आखिरी बजट

# हिमाचल का नया चीफ सेक्रेटरी कौन

**चीफ रिपोर्टर — शिमला**

- संजय गुप्ता, केके पंत संग ओंकार शर्मा हैं दावेदार

हिमाचल प्रदेश में नए मुख्य सचिव को लेकर सरगर्मियां तेज हैं। अफसरशाही में इसे लेकर इन दिनों खासी चर्चा है कि आखिर अगला चीफ सेक्रेटरी कौन बनेगा। पहले यह भी माना जा रहा था कि दिल्ली से अनुराधा ठाकुर वापस लौटेंगी, जिससे यहां पर कुर्सी हासिल करने वालों का गणित गड़बड़ा जाएगा, परंतु अब अनुराधा ठाकुर को दिल्ली में सचिव का रैंक मिलने के साथ एक साल की एक्सटेंशन मिल गई है। वैसे भी यहां पर उनसे वरिष्ठ दो अधिकारी हैं, जो कि चीफ सेक्रेटरी की रेस में हैं। इनमें संजय गुप्ता, जिन्हें सरकार ने बिजली बोर्ड का चेयरमैन लगा रखा है और उनके बाद केके पंत वरिष्ठता में दूसरे स्थान पर हैं। इनके बाद तीसरे नंबर पर ओंकार शर्मा हैं, जो कि अतिरिक्त मुख्य सचिव हैं। बता दें कि केके पंत पहले दिल्ली चले गए थे और इसी इच्छा से वहां से जल्दी वापस लौटे हैं कि यहां उनको मुख्य सचिव बना दिया जाएगा। यह अभी सरकार तय करेगी। यहां वर्तमान मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना रेरा के चेयरमैन के पद पर जाने की जुगत भिड़ा रहे हैं, क्योंकि वह इसी महीने रिटायर हो जाएंगे।



बतौर मुख्य सचिव यह उनका आखिरी बजट है। वरिष्ठता को नजरंदाज नहीं किया गया, तो 1988 बैच के सबसे सीनियर संजय गुप्ता को नया चीफ सेक्रेटरी बनाया जा सकता है। हालांकि गुप्ता पहले भी दो बार इग्नोर किए जा चुके हैं। पूर्व की जयराम सरकार ने संजय गुप्ता की सीनियोरिटी को दरकिनार करते हुए आरडी धीमान को सीएस बनाया था। राज्य में सत्ता परिवर्तन होने के बाद मुख्यमंत्री सुक्खू ने भी संजय गुप्ता की वरिष्ठता को तरजीह नहीं दी और आरडी धीमान की रिटायरमेंट के बाद 1990 बैच के प्रबोध सक्सेना को मुख्य सचिव बनाया। अब सक्सेना रिटायर हो रहे हैं। इसलिए संजय गुप्ता को एक बार फिर से चीफ सेक्रेटरी बनने की आस है। संजय गुप्ता 31 मई, 2026 को रिटायर होंगे। सीनियोरिटी में दूसरे नंबर पर 1993 बैच के कमलेश कुमार पंत हैं। बीते साल तक वह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली में थे, मगर अगस्त, 2024 में दिल्ली स्थित हिमाचल भवन में मुख्यमंत्री सुक्खू से मुलाकात के बाद ही वह हिमाचल लौटे हैं। अब वक्त आ गया है और देखना होगा कि क्या सरकार इन पर दांव खेलेगी। सीएम से उनकी इस सिलसिले में पहले भी बात हुई है और इस वजह से उनकी भी दावेदारी मजबूत मानी जा रही है। केके पंत 31 दिसंबर, 2030 को रिटायर होंगे। चीफ सेक्रेटरी पद के लिए तीसरा नाम 1994 बैच के अफसर ओंकार चंद शर्मा का है। हालांकि सीनियोरिटी में ओंकार तीसरे नंबर हैं। उन्होंने अपनी पोस्टिंग से लेकर अतिरिक्त मुख्य सचिव बनने तक लगभग 30 साल तक हिमाचल में ही सेवाएं दी हैं। बजट सत्र 28 मार्च को खत्म हो रहा है। लिहाजा 31 मार्च से पहले रेरा चेयरमैन की भी ताजपोशी होनी है और नए मुख्य सचिव की भी तैनाती की जानी है। मुख्य सचिव बदलने के बाद अफसरशाही में भी बड़े स्तर पर बदलाव होगा।

### रेरा चेयरमैन के लिए भी जबरदस्त लॉबिंग

**हिमाचल में** नए चीफ सेक्रेटरी के साथ-साथ रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) चेयरमैन के लिए भी जबरदस्त लॉबिंग चल रही है। मौजूदा मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और पूर्व मुख्य सचिव एवं मुख्य सूचना आयुक्त आरडी धीमान ने रेरा चेयरमैन के लिए आवेदन कर रखा है। इनका चयन चीफ जस्टिस की अध्यक्षता में गठित कमेटी करती है। यह कमेटी बीते 10 और 11 मार्च को रेरा चेयरमैन के दावेदारों के इंटरव्यू कर चुकी है। इसके बाद चीफ जस्टिस कमेटी ने सीलबंद लिफाफे में रेरा चेयरमैन के लिए नाम मुख्यमंत्री को भेज दिया है। अब सरकार की ओर से रेरा चेयरमैन को लेकर अधिसूचना जारी की जानी बाकी है।

## दिन की खबर

### झंडा रस्म के साथ चैत्र मास मेले का आगाज

**शाहतलाई।** बाबा बालकनाथ की तपोस्थली शाहतलाई में चैत्र मास मेले का शुभारंभ एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी ने किया। इसी बीच मंत्रोच्चारण के साथ झंडा रस्म निभाई गई। एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी व डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने कन्या पूजन किया तत्पश्चात प्रसाद बांटा। मेले में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु आने की उम्मीद है। प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता इंतजाम किए हुए हैं। मेला 14 मार्च से 13 अप्रैल तक चलेगा। रेहड़ी-फड़ी लगाने, ढोल-नगाड़े और माइक के प्रयोग पर पूर्ण रोक रहेगा तथा भीख मांगने वालों से भी सख्ती से निपटा जाएगा।

### वन मित्र भर्ती का परिणाम घोषित

**हमीरपुर।** फोरेस्ट विभाग हमीरपुर ने वन रेंज ऑफिस हमीरपुर की 16 बीटों के लिए वन मित्र भर्ती का फाइनल रिजल्ट घोषित कर दिया है। चयनित अभ्यार्थियों को ऑफर लैटर जारी कर दिए गए हैं। सिलेक्ट अभ्यर्थियों को अप्रैल के दूसरे हफ्ते में अपनी बीट में ज्वाइनिंग देनी होगी। मई में वन मित्रों का एक हफ्ते का रिफ्रैश कोर्स भी करवाया जाएगा, ताकि वन मित्रों को उनके काम के प्रति जागरूक किया जा सके।

### दलाईलामा ने देश-विदेश के अनुयायियों को दी शिक्षा

**मकलोडगंज।** तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाईलामा ने शुक्रवार को मकलोडगंज स्थित चुगलाखंग बौद्ध मठ में बौद्धों के समूहों सहित देश-विदेश के अनुयायियों को शिक्षा दी। टीचिंग में तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाईलामा को सुनने देश-विदेश से करीब सात हज़ार से ज्यादा अनुयायी पहुंचे। धर्मगुरु दलाईलामा ने सिखाया कि कैसे हम सभी अच्छे दिल वाले बन सकते हैं। हमें उन कारणों की जांच करनी चाहिए, जिनके माध्यम से बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ।

# डे-बोर्डिंग स्कूल में पढ़ेंगे कामगारों के बच्चे

## देहरा में तैयार होगा; विद्यालय की स्थापना के लिए 35 करोड़ रुपए का प्रावधान, निदेशक मंडल की बैठक में मंथन

**स्टाफ रिपोर्टर — शिमला**



कामगारों के बच्चों के लिए देहरा में डे-बोर्डिंग स्कूल बनाया जाएगा। डे-बोर्डिंग स्कूल की स्थापना के लिए 35 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर की अध्यक्षता में बोर्ड के निदेशक मंडल की 48वीं बैठक आयोजित की गई। बोर्ड द्वारा हिमाचल प्रदेश में निर्माण श्रमिकों के कल्याण एवं उत्थान के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 219.46 करोड़ रुपए के वार्षिक बजट को मंजूरी प्रदान की गई। बोर्ड के लाभार्थियों के उत्थान के लिए विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए 160 करोड़ रुपए का आबंटन किया गया है। निर्माण कार्यों में कार्यरत बोर्ड के कामगारों के बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान के लिए कांगड़ा जिला के देहरा में एक डे-बोर्डिंग स्कूल की स्थापना के लिए 35 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। अध्यक्ष ने लाभार्थियों की रोजगार क्षमता बढ़ाने और बेहतर आजीविका के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए उनके कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर बल दिया। बैठक में सेवाओं में सुधार एवं उन्हें सुव्यवस्थित करने के लिए सभी लाभार्थियों के रिकार्ड को डिजिटल करने का भी निर्णय लिया गया। सूचना, शिक्षा और संचार पहल के तहत कामगारों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं अधिकारों से अवगत करवाने के लिए जागरूकता और आउटरीच कार्यक्रमों को मंजूरी दी गई। प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के लिए बोर्ड द्वारा हमीरपुर में कार्यालय के मरम्मत कार्यों को मंजूरी दी गई। इस अवसर पर बैठक में बोर्ड के सदस्य रविंद्र सिंह रवि, भूपेंद्र सिंह, जेसी चौहान, हेमा तंवर, मुनीश करोल, ज्योति चौहान, अमर सिंह और नीलम गुप्ता उपस्थित थे।

■ निर्माण श्रमिकों के कल्याण उत्थान के लिए मंजूर किए 219.46 करोड़

# भावना को खाड़ी क्षेत्र की प्रभावशाली महिला का खिताब

■ कैलिफोर्निया में भारत के दूतावास से मिला सम्मान

**निजी संवाददाता — सुबाथू**



चक दे हिमाचल

सोलन के सुबाथू की भावना ने कैलिफोर्निया में हिमाचली व्यंजनों के प्रति अपने प्रेम को एक प्रसिद्ध घरेलू व्यवसाय में बदल दिया है, जो अब सिलिकॉन वैली में लोगों का दिल जीत रही हैं। 20 से अधिक वर्षों तक संयुक्त राज्य अमरीका में रहने के बाद भावना ने कभी भी घर के जायके को मिस नहीं किया। जब भावना बोस्टन से कैलिफ़ोर्निया चली गईं, तो उन्हें अपने बचपन के स्वाद की याद आने लगी। खाड़ी क्षेत्र में अलग-थलग महसूस करने और ज़्यादा दोस्त न होने के कारण, उन्होंने अपनी रसोई में पारंपरिक हिमाचली व्यंजन बनाना शुरू कर दिया। भावना ने न केवल खाड़ी क्षेत्र में हिमाचल के जीवंत स्वादों को पेश किया है, बल्कि सांस्कृतिक जुड़ाव के लिए एक जगह भी बनाई है। उनके काम की व्यापक प्रशंसा हुई है, जिससे उन्हें भारत के महावाणिज्य दूतावास से खाड़ी क्षेत्र की सबसे प्रभावशाली महिला का खिताब मिला है।


### भू-स्खलन जोखिम न्यूनीकरण-प्रबंधन पर कार्यक्रम स्थगित

**शिमला।** डा. एमएस लोक प्रशासन संस्थान फेयरलांस के प्रवक्ता ने बताया कि भू-स्खलन जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, जो पूर्व में 24 से 26 मार्च से निर्धारित था और बाद में 25 से 27 मार्च को पुनर्निर्धारित किया गया था, को प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुनर्निर्धारण के उपरांत इस कार्यक्रम की नई तिथियां के बारे में सूचित किया जाएगा।

## स्कूलों के फंड, बैंक खाते की दें रिपोर्ट

चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। वहीं इस मामले को लेकर पुलिस ने चार लोगों को थाना में तलब किया है। पुलिस द्वारा इन सभी लोगों से गहन पूछताछ की जा रही है। हालांकि अभी तक इन लोगों ने पूछताछ में कोई खास नहीं उगला है, लेकिन फिर भी इन लोगों पर पुलिस को पूरा संदेह है कि यह चार लोग इस गोलीकांड में पूरी तरह से संलिप्त हो सकते हैं। एसपी संदीप धवल ने दावा किया है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा। चिंता योग्य बात यह है कि बिलासपुर में एक और गोलीकांड होने से शहर ही नहीं, पूरे जिला भर में दहशत का माहौल है। यह वारदात उस समय हुई, जब बंबर ठाकुर चंगर सेक्टर में स्थित पत्नी के सरकारी आवास के बाहर अपने समर्थकों के साथ होली मना रहे थे। तभी अचानक चार अज्ञात हमलावर घुस आए और उनमें से दो ने बंदूक से गोलियां चलाना शुरू कर दी। दो दर्जन गोलियां चलाने के बाद हमलावर वहां से भाग गए। हालांकि जबाव में पीएसओ ने भी फायर किया, लेकिन तब तक हमलावर भागने में कामयाब हो गए थे। इस दौरान एक गोली बंबर ठाकुर को लगी, जबकि दो गोलियां उनके पीएसओ को लगी हैं। बंबर ठाकुर की टांग और पीएसओ को टांग व पीठ में गोली लगी है। दोनों घायलों को तुरंत क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बंबर ठाकुर को आईजीएमसी शिमला और पीएसओ को एम्स बिलासपुर के लिए रैफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि बंबर ठाकुर ने घर के बाहर खड़ी अपनी गाड़ी के पीछे छिपकर जान बचाई। वहीं, पीएसओ ने बंबर ठाकुर को बचाने के लिए दो गोलियां खाईं। घटना की सूचना मिलते ही उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक, एसडीएम सदर अभिषेक गर्ग और डीएसपी मदन धीमान भी अस्पताल पहुंचे। उपायुक्त ने फोन से बंबर ठाकुर की सीएम से भी बात करवाई और सीएम ने हाल जानने के बाद उन्हें इस मामले में सख्त कार्रवाई के लिए आश्वस्त भी किया। उन्होंने गोलीकांड के बारे में जानकारी लेने के साथ घायलों के उपचार का जायजा लिया। उसके बाद दोनों अधिकारी एंबुलेंस के साथ-साथ एम्स के लिए रवाना हो गए। वहीं, गोलीकांड की खबर सुनते ही अस्पताल परिसर में लोगों का हुजूम लग गया। इस दौरान बंबर ठाकुर के समर्थकों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। उधर, एडीजीपी ज्ञानेश्वर सिंह और डीआईजी मंडी सौम्या सांबसिवन भी बिलासपुर पहुंचे। गोलीकांड की खबर सुनते ही घायल पीएसओ के परिजन भी अस्पताल परिसर में पहुंचे। उसे खून से लतपथ देखकर परिजन चीख उठे और उन्हें बचाने की गुहार लगाने लगे। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें संभाला। वहीं बंबर ठाकुर के समर्थक भी अस्पताल परिसर में पहुंचना शुरू हो गए। अपने नेता पर हुए हमले से गुस्साए समर्थकों ने नारेबाजी शुरू कर दी। सरकारी आवास के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज सामने आई है, जिसमें साफ नजर आ रहा है कि चार अज्ञात लोग गेट से अंदर आते हैं। उनमें से दो पीछे रुक जाते हैं और दो लोग अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर देते हैं। बीच बचाव करने वाले पीएसओ को गोली लगती है और वह भी अपनी गन से फायर करने की कोशिश करता है। पुलिस फुटेज से हमलावरों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। हमले की जांच को एसआईटी गठित कर दी है।

### अमृतसर में मंदिर...

दिखाई दे रहे हैं। कुछ सेकंड रुकने के बाद, उनमें से एक मंदिर की ओर कुछ विस्फोटक सामग्री फेंकता है और फिर वे मौके से भाग जाते हैं। हमलावरों के एक हाथ में एक धार्मिक झंडा भी था। श्री भुल्लर ने कहा कि पुलिस की टीमें विस्फोट में शामिल लोगों का पता लगाने की कोशिश कर रही हैं और उन्होंने कहा कि उन्हें जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से नमूने एकत्र किए हैं और आगे की जांच जारी है। उधर, इस मामले में पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े एक नार्को-टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए इसके तीन प्रमुख गुर्गों को बिहार से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी हथियार और ग्रेनेड की सप्लाई में शामिल थे। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि ये तीनों युवक बिहार से उस वक्त गिरफ्तार किए गए, जब वे नेपाल भागने की फिराक में थे। गिरफ्तार किए गए लोग अमृतसर के खंडवाला और छेहरट्टा इलाकों में रहते हैं।

### सुक्खू कल पेश...

कुमार, योजना सलाहकार बसु सूद के अलावा वित्त विभाग के अधिकारी, योजना विभाग के अधिकारी बजट को लेकर चल रही मंथन बैठक में मौजूद रहे। सोमवार को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने कार्यकाल का तीसरा बजट पेश करेंगे। सूत्रों के अनुसार इस बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का प्रयास किया जाएगा, तो वहीं शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार बड़े ऐलान करेगी। सचिवालय में इस दौरान मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और प्रधान वित्त सचिव देवेश कुमार मौजूद रहे। विधानसभा का बजट सत्र दस मार्च से चल रहा है और मुख्यमंत्री 17 मार्च को सुबह 11 बजे तीसरा बजट पेश करने वाले हैं। इस बार का बजट ग्रामीण विकास पर केंद्रित रहेगा। प्रदेश सरकार किसान-बागबान केंद्रित बजट लाना चाहती है, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की जा सके। पंचायत स्तर पर युवाओं को रोजगार के अवसर अधिकाधिक उपलब्ध करवाना मुख्य लक्ष्य है। पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग की अगले वित्त वर्ष में महत्त्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है। ग्रामीण स्तर पर सौर ऊर्जा पार्क विकसित करने की योजना के बाद ई-वाहन योजना के तहत चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अधिक बजट का प्रावधान अगले बजट में नजर आएगा। ऐसा माना जा रहा है कि अगले वित्त वर्ष का बजट मौजूदा बजट 58444 करोड़ से अधिक रहने की संभावना है। इस बार सरकार को बजट को लेकर कई बड़ी चुनौतियां हैं। विषम आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के सामने हरेक वर्ग को खुश करने की चुनौती है। वैसे पहले ही सरकार बता चुकी है कि हिमाचल में कैसे संसाधन जुटाए जा रहे हैं और संसाधन जुटाने के साथ लोगों पर कोई बोझ न पड़े यह भी सरकार को देखना होगा। कड़े फैसले लेने में मुख्यमंत्री पीछे नहीं हटते, क्योंकि उन्होंने कहा है कि राज्य को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। प्रदेश को 2026 में आत्मनिर्भर राज्य बनाने की परिकल्पना के साथ मुख्यमंत्री सुक्खू अपना इस बार का बजट पेश करेंगे। इस बजट से सभी वर्गों को बड़ी उम्मीद हैं, मगर वित्तीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर ही काम होगा। प्रदेश का विकास सुनिश्चित करने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। वित्तीय हालातों की बात करें तो राजस्व घाटा अनुदान इस साल घटकर तीन हजार करोड़ के आसपास रह गई है। इस राशि से यहां पर कर्मचारियों का वेतन व पेंशनरों की सेलेरी भी पूरी नहीं होगी। इसपर केंद्र सरकार ने जीएसटी का मुआवजा भी खत्म कर दिया है जो अब हिमाचल को नहीं मिल रहा। वहीं बाह्य वित्त पोषित एजेंसियों से हिमाचल को मिलने वाली योजनाओं पर भी राइडर है। इस तरह की परिस्थितियां बहुत ज्यादा कठिन है, क्योंकि सेलरी व पेंशन की बात करें, तो इस पर ही हर महीने 2500 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि चाहिए, जबकि राजस्व घाटा अनुदान ही तीन हजार करोड़ रुपए साल का मिलना है। इस पर लोन लेने पर भी केंद्र सरकार ने लिमिट तय कर रखी है और 6600 करोड़ की लिमिट इस साल के लिए थे जो और ज्यादा कम हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ चर्चा में नई योजनाओं को लेकर भी बात की, वहीं पुरानी योजनाओं को आगे जारी रखने को लेकर भी बात हुई है। बजट में ग्रीन हिमाचल के संकल्प को लेकर भी कई योजनाएं आगे बढ़ाई जाएंगी। —( एचडीएम )




### BRIDE WANTED

- Suitable Match for Himachli Manglik Boy D.O.B. - 27/08/1994; 5'-3", Education (+2 ITI) Works at Nalagarh in Private Company. Contact- 9805722041, 9625028223  
Advt. No.: 13298

- Punjabi Divorce Boy 1986/5'-8" B.Tech Wking MNC seeks prof qlfd 9152216117  
Advt. No.: 14790

- Prajapati Kumhar Boy, H.- 5'-11", Qualification: M.C.A, D.O.B. 27/8/1997, Profession: Software Eng. infosys Limited Chandigarh, Prefer Himachali Prajapti Girl, (B.Tech, MCA ). Cont: 98823-56478  
Advt. No.: 14901

### GROOM WANTED

- Suitable match for Himachali OBC Girl, April 1993, Height 5'-4", Govt. employee( TGT) wants Govt. Employee Boy. Upper caste no bar. Preference Mandi & Shimla. Contact- 94591-08585; 78073-27083.  
Advt. No.: 14709

**अपनी तलाश हमारे साथ पूरी करें**

विज्ञापन मूल्य: 35 रुपए प्रति शब्द
विज्ञापन के लिए ईमेल करें: ad.dshala@divyahimachal.com
या संपर्क करें: 01892-264713

**दिव्य हिमाचल क्लासिफाइड** छोटा विज्ञापन, बड़ा लाभ
संपर्क करें: 93180-49232, 94180-65257
कांगड़ा 01892-307700, 264713, फैक्स: 264700 | शिमला 0177-2629030, 2627030 | चंडीगढ़ 0172-4707700, 4192946

### ज्योतिष

**सिद्ध बाबा बंगाली तांत्रिक** वशीकरण मुठकरणी स्पैशलिस्ट
लॉटरी, जुआ, गढ़ाधन स्पैशलिस्ट, नौकरी-कारोबार, प्रेम विवाह, जादू-टोना, किया-कराया, भूत-प्रेत, तालाक, सौतन व दुश्मन से छुटकारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान, काम की गारंटी स्टाम पर लिखकर लें।
पंजाब में जाकर समय और पैसा बर्बाद कर चुके लोग एकबार आकर जरूर मिलें
कांगड़ा: 98163-28630

### PLOT FOR SALE

- प्लॉट 100, 150 गज, दुकानें 11×25, 30' रोड़, सीवरेज, इंटरलॉक, सोलर लाइट्स, पाम ट्री, खरड़- रोपड़ रोड़ सहोड़ां। 62399-56050, 94175-82213.  
Advt. No.: 14391

### JOB IN PARWANOO (ATAM LABEL)

- (1.) Customer Service Executive - Graduation, Effective Communication & Reporting skills. (2.) Product Development Executive - B.Tech/ Diploma Textile (3.) Quality Executive - Quality Auditor, Six Sigma, Knowledge of QMS (4.) Compliance Executive - Knowledge Social, Environmental Audit (5.) Dispatch Executive - B.Com Tally 9.0 (6.) Machine Operators - Diploma ITI, Machanical. 2-3 years of Experience for all post. Email : hr.par@atampost.com, Mob. : +91-98160-45541  
Advt. No.: 14711

### EDUCATION

- Direct 8th, 10th, 12th (ALL STREAM) B.A., B.COM/ M.A., M.COM/ BBA/ M.BA. One Sitting करें। Sanjay Gandhi Education, Chhota Shimla. 98160-27240  
Advt. No.: 15201

### SITUATION VACANT

- Wanted Experienced Assistants Architects & Draughtsmen. SCO 42, Level 2, Phase, 3B2 Mohali. Phone: 98154-43132  
Advt. No.: 15063

- URGENTLY REQUIRED MARKETING EXECUTIVE FOR DISTRIBUTOR FOR SWARAJ TRACTOR SPARE PARTS, MACAS CLUTCH SYSTEM & STOCKIST FOR SONALIKA TRACTOR PARTS FOR HIMACHAL PARWANOO. MUST HAVE EXPIERENCE OF MARKETING & DRIVING FOUR WHEEL. MECHANICAL DIPLOMA HOLDER WIIL BE PREFERRED. CONTACT NO. 92167-94510, 94785-59555  
Advt. No.: 15132

- सोलन में प्राकृतिक सब्जी कंपनी के लिए ईमानदार और मेहनती टू-व्हीलर वाला कार्यकर्ता चाहिए। फ्रेशर्स आवेदन कर सकते हैं। संपर्क करें: 80914 35133  
Advt. No.: 15250

### बेदखली सूचना

- मैं, तरसेम लाल पुत्र बतरो राम गांव संजवा, डाकघर भोग्रवां, तहसील इंदौरा, जिला कांगड़ा हि.प्र. घोषणा करता हूं कि मेरा बेटा संदीप मेरे कहने-सुनने से बाहर है। अत: मैं उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं।  
Advt. No.: 15139

### कोर्ट नोटिस

**In The Court of Senior Civil Judge, Nalagarh, District Solan, Himachal Pradesh.**

**Civil Suit No.200/1of21**

M/S Pallav Industries having works at Plot No.74-B, Industrial Area VPO. Lodimajra, Teh. Baddi, Distt. Solan, HP through its partner Rajesh Kumar Singla and Sumit singla

**.......Plaintiffs.**

**Versus**

**M/S ICMC Corporation Ltd. Vill. Bagbania, Teh. Nalagarh, Distt. Solan, HP through its MD.**

**......Defendant.**

**Proclamation under order 5,Rule 20, C.P.C.**

Whereas in the above noted case, it has been proved to the satisfaction of the Court that above named defendant is avoiding service of summonses and cannot be served in the ordinary way. Hence, this proclamation is hereby issued against him/them to appear in the Court 25-04-2025 at 10 a.m to defend the case personally or through an authorised agent or pleader, failing which ex-parte proceedings will be taken initiated him/them.

Given under my hand & seal of the court this 12th day of March 2025.

Seal — **Senior Civil Judge, Nalagarh Distt. Solan.(HP)**

### NOTICE

- I, No. 4551519 Nk(TS) Onkar Singh, Mahar Regiment Sagar (MP) declare that in my Army record, my Daughter's name & D.O.B. is wrongly entered as Gitika Devi & 20-08-1985. Whereas her correct name is Geetika Samyal & Correct D.O.B. is 20-08-1986. Concerned Note it.  
Advt. No.: 15237

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि समाचारपत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में विवेक से काम लें और कोई कदम उठाने मसलन चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित, भविष्य संबंधी, अनुबंध, आकर्षक या किसी प्रकार की पुरस्कार योजना-प्रतियोगिता में भाग लेने से पूर्व भली-भांति जांच पड़ताल कर लें। किसी भी विज्ञापन में किए गए दावे से 'दिव्य हिमाचल' न तो सहमत है और न ही इसकी गारंटी देता है। इस मामले में पाठक ही निजी तौर पर जिम्मेदार होगा, जबकि 'दिव्य हिमाचल' के प्रकाशक, संपादक या स्वामी को किसी विज्ञापन के विषय, संदर्भ या दावे के परिणामों की विफलता के लिए जिम्मेदार नहीं माना जाएगा।

# फिरोजपुर में दो किलो हेरोइन जब्त

**अमित वर्मा-फिरोजपुर**

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'नशे विरुद्ध युद्ध' मुहिम के तहत गुरदासपुर पुलिस और बीएसएफ को संयुक्त ऑपरेशन के दौरान बड़ी सफलता मिली है। पुलिस और बीएसएफ के जवानों ने सीमा पार से ड्रोन के जरिए भेजी गई नशे और हथियारों की बड़ी खेप बरामद करते हुए दो किलो हेरोइन, दो पिस्तौल, मैगजीन और 66 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। एसएसपी गुरदासपुर आदित्य ने बताया कि पंजाब सरकार की नशे विरुद्ध युद्ध मुहिम के तहत और डीजीपी गौरव यादव, आईपीएस के निर्देशों के अनुसार गुरदासपुर पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि गुरदासपुर पुलिस ने बीएसएफ के साथ मिलकर गुप्त सूचना के आधार पर संयुक्त ऑपरेशन के दौरान दोरांगला क्षेत्र से सीमा पार से ड्रोन के जरिए भेजी गई नशे और हथियारों की खेप बरामद करते हुए दो किलो हेरोइन, दो पिस्तौल, चार मैगजीन और 66 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। उन्होंने बताया कि थाना दोरांगला में इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर नशा तस्करों के पिछले और आगामी लिंक की जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने आदित्य ने कहा कि पंजाब सरकार के निर्देशों के तहत गुरदासपुर पुलिस द्वारा नशा तस्करोंके खिलाफकार्रवाई लगातार जारी है। **( एचडीएम )**

### HIMACHAL PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION

No. 3-76/2024-PSC(R-I) Dated 15th March, 2025

**NOTICE**

It is notified for information of all concerned that 01(UR) post of Associate Professor Oto-Rhino-Laryngology (ENT), Class-I (Gazetted) on regular basis in Pt. Jawahar Lal Government Medical College (JLNGMC) Chamba advertised vide advertisement No. 25/02-2025 dated 06-02-2025 is hereby withdrawn, in compliance to the Department of Medical Education and Research letter No. HFW-D-E004/4/2025 dated 13-03-2025.

**Sd/-**
**(Nivedita Negi) IAS**
**Secretary,**
**H.P. Public Service Commission**
**Telephone No. 0177-2623786**

### THE HP STATE COOPERATIVE MILK PRODUCERS FEDERATION LIMITED TOTU, SHIMLA-171011

**No: 514/P&I-8/21-XXV** **Dated:**

**SHORT TERM TENDER NOTICE**

E-tender is hereby invited for the Selection of Company/ Firm/ Proprietor for the marketing and sale of HIM Milk Products within and outside the state.

The Bid document is available online on 19.03.2025 at 04:00 PM and bid should be submitted in online mode on website hptenders.gov.in Bidder would be required to register in the above web-site hptenders.gov.in which is free of cost. For submission on bids, the bidder is required to have Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized certifying Authorities (CA).
Aspiring Bidders should visit in https:**//hptenders.gov.in & https:// hpmilkfed.org** for complete details. **Bidders should also check the website from time to time to note the Corrigendum, if any.**

**Sd/-**
**Managing Director**

### प्रवेश -2025

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी**
**फुरसतगंज एयरफिल्ड, जिला अमेठी ( यूपी )-229302**
**( नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्तशासी निकाय )**
**आईएसओ 9001-2008 प्रमाणित**
**''सपनों को पंख प्रदान करते हुए''**
**भारत के सर्वोत्तम फ्लाईंग प्रशिक्षण संस्थान में शामिल हों**

अभ्यासेन दक्षः

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी ( आईजीआरयूए )** द्वारा निम्नलिखित हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं

1. प्रारंभ से कॉमर्शियल पायलट लाईसेंस कोर्स, दो बैचों में अगस्त 2025 से प्रारंभ होना अनुसूचित।
2. एयरक्राफ्ट मैंटेनेंस इंजीनियरिंग कोर्स, जुलाई 2025 से प्रारंभ होना अनुसूचित।

**1. कॉमर्शियल पायलट लाईसेंस कोर्स में प्रारंभ करने हेतु पात्रता:-**

10+2 में अंग्रेजी, गणित एवं फिजिक्स में उत्तीर्ण किया हो अथवा समकक्ष और उक्त में न्यूनतम अंक प्राप्त किए हों

सामान्य श्रेणी में उम्मीदवारों के लिए प्रत्येक विषय में 50% तथा **एससी, एसटी, ईडब्ल्यूएस एवं ओबीसी** (नॉन-क्रीमी लेयर से संबंधित) श्रेणी उम्मीदवारों के लिए 45% है।

**वैवाहिक स्थिति**- अविवाहित, **कद**-न्यूनतम 158 सेमी, **आयु:** सामान्य श्रेणी के लिए 28 वर्ष, ओबीसी के लिए 31 वर्ष तथा एससी/एसटी के लिए 33 वर्ष।

**प्रशिक्षण शुल्क रु. 45 लाख** जमा बोर्डिंग-लॉजिंग तथा अन्य व्यय अतिरिक्त।

**आईजीआरयू पायलट उम्मीदवारों को उनके सीपीएल प्रशिक्षण के साथ बी.एससी. एविएशन डिग्री भी प्रस्तावित करती है: आरजीआरयूए पर सीपीएल प्रशिक्षुओं के लिए केवल 3 वर्षों के दौरान – 40 सीटें केवल।**

**2. एयरक्राफ्ट मैंटेनेंस इंजीनियरिंग कोर्स के लिए पात्रता:-**

फिजिक्स, कैमिस्ट्री एवं गणित में 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण की हो अथवा इसके समकक्ष (राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग, जिसमें फिजिक्स, कैमिस्ट्री अथवा गणित विषय के तौर पढ़े हों, वह समकक्ष योग्यता के तौर पर विचारणीय होगा। 10+2 की समतुल्यता सिद्ध करने से, आवेदक को लागू बोर्ड/विश्वविद्यालय से एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना वांछित है)। उक्त प्रत्येक विषय में न्यूनतम प्राप्तांक सामान्य श्रेणी उम्मीदवारों हेतु 50% तथा **एससी, एसटी एवं ओबीसी** (नॉन क्रीमी लेयर से संबंधित) श्रेणी उम्मीदवारों के लिए 45% है।

**प्रशिक्षण शुल्क: रु. 4.5 लाख** जमा बोर्डिंग-लॉजिंग तथा अन्य व्यय अतिरिक्त।

**ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 02 मई 2025 ( ऑनलाईन विधि द्वारा शुल्क का भुगतान )है।**

**ऑनलाईन परीक्षा की तिथि 24 मई 2025 है।**

विस्तृत विवरण और आवेदन प्रपत्र आदि हेतु कृपया आईजीआरयूए वेबसाईट https://igrua.gov.in पर "ENTRANCE" पर संपर्क अथवा आवेदन करने हेतु क्यूआर कोड स्कैन करें।

www.igrua.gov.in
+91 (11)24615370, 24655796.
+91 (535)2441150, 2441528, +91-9696230588
helpdesk-exam@igrua.gov.in
query-amesch@igrua.gov.in

CBC 03104/12/0002/2425

### चिकित्सा अधीक्षक

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय कांगड़ा स्थित टांडा**

संख्या: एच. एफ. डब्ल्यू ( डी.आर.पी.जी.एम.सी. ): निविदा/आर.के.एस./2025 1444 दिनांक: 15/3/25

**ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय कांगड़ा स्थित टांडा में गत्ते की खाली पेटियां उठाने के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जो भी इच्छुक व्यक्ति इस कार्य हेतु निविदा प्रेषित करना चाहता है, वह ई-निविदा के विवरण दस्तावेज को http://www.hptenders.gov.in की website से देख व डाउनलोड (Download) कर सकता है।

**आयोजन का समयमद्ध क्रम:-**

| | |
|---|---|
| निविदा मूल्य (TENDER COST) | 1000/-रुपए |
| निष्ठा मूल्य जमा (EMD) | 10000/-रुपए |
| E-निविदा का प्रकाशन | 17.03.2025 |
| E-निविदा डाउनलोड (Download) करने की तिथि | 17.03.2025 |
| बोली अपलोड करने की आरंभिक तिथि व समय | 19.03.2025 प्रात: 09.00 बजे तक |
| बोली अपलोड करने की अंतिम तिथि व समय | 07.04.2025 सायं 01:00 बजे तक |
| तकनीकी बोली (Technical Bid) खोलने की तिथि | 07.04.2025 सायं 03:00 बजे तक |
| निविदा खोलने का आयोजित स्थल | चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय कांगड़ा स्थित टांडा के कार्यालय में। |

**चिकित्सा अधीक्षक**
**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय कांगड़ा स्थित टांडा**

### पोर्टस भर्ती

1. 136 (आई) इंफेन्ट्री ब्रिगेड ग्रुप पोर्टर कम्पनी, 179 दिनों की अवधि के लिए संविदात्मक (अस्थाई) आधार पर निम्नलिखित सिविल मजदूरों (पोर्टस) को भर्ती करेगा:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | मेट और अन्य सिविलियन | - | 55 |
| (ख) | पोर्टर्स | - | 520 |
| (ग) | सफाईवाला | - | 25 |
| | कुल | - | 600 |

2. पात्रता मानदण्ड:-
   - (क) भारत का पुरुष नागरिक हो।
   - (ख) उसकी आयु 10 अप्रैल 2025 को 18 से 40 वर्ष के मध्य हो।
   - (ग) वह चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ हो तथा किसी संक्रामक रोग से ग्रस्त न हो। वह मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड/ प्रमाण पत्र धारक हो।
   - (घ) उसे कभी कोई कारावास नहीं हुआ हो (व्यक्तिगत द्वारा इस संबंध में स्थानीय पुलिस स्टेशन से चरित्र प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा)
3. पोर्टस का पंजीकरण ऑनलाईन होगा (https://himachalhillportercompany.org) की वेबसाइट पर नामांकन की तिथि से प्रारम्भ होकर 10 दिन तक मान्य रहेगा।
4. परीक्षा स्थान - अवैरी पाटी, रामपुर बुशहर जिला - कुल्लू (हिमाचल प्रदेश)
5. साक्षात्कार का समय - 10 अप्रैल 2025 से 16 अप्रैल 2025 को प्रातः 0800 बजे से 1400 बजे तक
6. प्रवेश पत्र आबंटित- 06 अप्रैल 2025
7. परीक्षाफल घोषित - 19 अप्रैल 2025 को किया जाएगा।
8. व्यक्ति द्वारा लाए जाने वाले अनिवार्य दस्तावेज:-
   - (क) जन्म व शिक्षा प्रमाण पत्र मूल और साथ तीन छाया प्रति लाना अनिवार्य होगा।
   - (ख) आधार कार्ड मूल और प्रवेश पत्र की 03 छाया प्रति लाना अनिवार्य होगा जो स्वयं द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित हो।
   - (ग) बैंक पासबुक मूल एवं साथ दो फोटो कॉपी (केवल स्टेट बैंक या पंजाब नेशनल बैंक)
   - (घ) जन धन बैंक खाता स्वीकार्य नहीं होगा।
   - (ङ) निवास प्रमाण पत्र मूल एवं एक छाया प्रति एवं चयन होन के पश्चात् 10 राजस्व टिकट लाना अनिवार्य है।
   - (च) मोबाइल नंबर अपना और अपने NOK देना अनिवार्य होगा।
   - फोटोग्राफ
     - (i) व्यक्तिगत की फोटो (रंगीन) - 06
     - (ii) एन. ओ. के. (रंगीन) - 04
   - (छ) 01 जनवरी 2025 के पश्चात् राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र।
   - (ज) पुलिस स्टेशन से पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र, जो 01 फरवरी 2025 से पहले का न हो।
9. सुनिश्चित वेतन एवं भत्ता व अन्य सुविधाएं।
   - (क) वेतन व भत्ता:-

| क्रम सं. | श्रेणी | मूल वेतन रुपए | डी. ए. | फील्ड भत्ता | कुल वेतन |
|---|---|---|---|---|---|
| (I) | मेट/बारबर/वॉशरमैन/कुक/टेलर/ईक्यूपीटी रिपेयर/कारपेंटर/इलेक्ट्रीशियन आदि | 18,000/- | 9540/- | 2700/- | 30,240/- |
| (ii) | पोर्टर | 18,000/- | 9540/- | 2700/- | 30,240/- |
| (iii) | सफाईवाला | 18,000/- | 9540/- | 2700/- | 30,240/- |

**नोट:- उपर्युक्त वेतन भारत सरकार के अनुसार महंगाई भत्ते और अन्य लाभों में परिवर्तन के अधीन है।**

**(ख) राशन:-** व्यक्ति को आपॅरेशनल/फील्ड/मॉडिफाईड/फील्ड एरिया में सेवा के दौरान कम्बेटेंट सैनिकों के मापक के अनुसार पर निःशुल्क राशन प्रदान किया जाएगा।

**(ग) चिकित्सा सुविधाएं:-** व्यक्ति को कार्य के दौरान व्यक्तिगत चोटिल होने या गंम्भीर बीमारी से ग्रसित होने पर सैन्य व सिविल अस्पताल में केवल स्वयं के लिए निःशुल्क चिकित्सा उपचार प्रदान किया जाएगा।

**(घ) अनुशासन:-** संविदा अवधि के दौरान, वह व्यक्ति सेना अधिनियम व नियमों के अधीन होगा। और सैन्य संचालन की आवश्यकतानुसार 24 घंटे कार्य हेतु उपस्थित रहना होगा।

(ड़) कुछ ऐसे पद जो कि आर्टेसियन कंट्रक्शन, ऑपरेटंस, कारपेंटर्स, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, वेल्डर, फिटर और निर्माण कार्य करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी।

**(च) साईबर सुरक्षा:-** चयनित अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि उसे सेना सुरक्षा सम्बन्धी जो भी दिशा निर्देश प्राप्त होते हैं वह उनका अनुपालन करेगा व सेना की सूचना किसी भी सोशल मीडिया के साथ साझा नहीं करेगा। और किसी भी राष्ट्रविरोधी संस्था का हिस्सा नहीं बनेगा।

(छ) अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना पॉलिसी पहले ही की गई है और बीमा भुगतान की एक छाया प्रति अपने साथ लाना अनिवार्य होगा।

### कार्यालय नगर परिषद रोहड़ू

क्र.सं. संख्या/न.प./रोहड़ू/पार्किंग स्लाट बोली/2025-323 दिनांक : 12/03/2025

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद रोहड़ू, जिला शिमला द्वारा एक वर्ष के लिए शहर में अलग-अलग जगह पर कार पार्किंग स्थलों की नीलामी की जा रही। यह नीलामी दिनांक 27/03/2025 को सायं 3.00 बजे नगर परिषद कार्यालय में खुली बोली के आधार पर की जाएगी।

अतः इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे प्रत्येक पार्किंग स्थल के लिए निम्नलिखित धरोहर राशि नगद अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 26/03/2025 सायं 5.00 बजे तक जमा कर खुली बोली में भाग लेने हेतु निर्धारित प्रार्थना पत्र (सभी शर्तों सहित) प्राप्त कर सकते हैं।

**पार्किंग स्थलों की सूची निम्नलिखित है :-**

| क्र. सं. | पार्किंग स्थलों का नाम | वाहनों की संख्या | बोली का आधार मुल्य | धरोहर राशि | ठेके की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओल्ड गैस प्वाइंट | 20 | 2,38,000/- | 7,100/- | एक वर्ष |
| 2 | न्यू बस स्टैंड क पीछे व चिड़गांव रोड पर | 70 | 8,33,000/- | 25,000/- | एक वर्ष |

उपरोक्त खुली बोली से संबंधित अन्य शर्तें किसी भी कार्य दिवस में नगर परिषद कार्यालय में आकर देखी जा सकती हैं। इसके अतिरिक्त मौके पर सभी शर्तें बता दी जाएंगी।

**कार्यकारी अधिकारी**
**नगर परिषद रोहड़ू, जिला शिमला (हि.प्र.)**

### MUNICIPAL CORPORATION MANDI

(Himachal Pradesh)
email :- mcorp.mandi@gmail.com, Phone :-01095-222146

**SHORT TENDER NOTICE**

Sealed Item rate tenders are hereby invited on behalf of Municipal Corporation Mandi, District Mandi, (Himachal Pradesh) for the following work sites from the eligible and approved contractors/firms enlisted to reach in this office on or before 19-03-2025 up to 12:00 Noon and will be opened on the same day at 12:30 PM. The Tender forms along with detailed NIT can be had from the office of the undersigned against cash payment (Nonrefundable) on or before 18-03-2025upto03:30 PM. No tender form will be issued to any contractor after 03:30 P.M. on 18-03-2025. The contractor should enclose attested copies of latest Registration Certificate, GST Number, PAN Card and copy of EPF Number and experience of cleanliness in State / ULB's along with their application for the purchase of tender form.
Tender should accompany with Earnest money which should be in the shape of FDR/Pay Order/Demand Draft duly pledged in favor of Commissioner Municipal Corporation. Mandi (HP) Conditional Tender / Conditional rebate will not be entertained.

| S. No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs.) | EMD (Rs.) | Time | Cost of Tender Form (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Cleaning of water bodies :Skodhi Khud and Biunsu Nala within Jurisdiction in MC Mandi H.P. | 184800.00 | 3700.00 | 15 Days | 500.00 |
| 2 | Cleaning of water bodies :Suketi Khad from Visco resort to Panchvakter temple within te Jurisdiction in MC Mandi | 200000.00 | 4000.00 | 15 Days | 500.00 |
| 3 | Cleaning of water bodies : Beas River from Sauli Khad lower Khaliyar within the Jurisdiction in MC Mandi H.P. | 184800.00 | 3700.00 | 15 Days | 500.00 |

Other terms and conditions can be seen from the Tender Document.

Advt. No. 1269/2024-25

**Assistant Engineer,**
**Municipal Corporation, Mandi (H.P.)**



## डेविड वॉर्नर का तेलुगू फिल्मों में डेब्यू, 'रॉबिनहुड' से फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर तेलुगू फिल्मों में डेब्यू करने वाले हैं। मेकर्स और दिग्गज क्रिकेटर ने फिल्म से अपना फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया है। यह फिल्म 28 मार्च को रिलीज हो रही है। डेविड वार्नर लंबे समय से तेलुगू सिनेमा के फैन रहे हैं। 'रॉबिनहुड' में अपने फर्स्ट लुक पोस्टर को शेयर करते हुए डेविड वॉर्नर ने लिखा है, इंडियन सिनेमा, मैं आ रहा हूं... रॉबिनहुड का हिस्सा बनकर एक्साइटेड हूं। पूरी शूटिंग के दौरान बड़ा मजा आया।

# हरमनप्रीत की कप्तानी पारी





**एजेंसियां— मुंबई**

महिला प्रीमियर लीग 2025 का फाइनल मैच दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच शनिवार को खेला गया। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली मुंबई इंडियंस की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट खोकर 149 रन बनाए। टीम के लिए कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सर्वाधिक 66 रन बनाए। फाइनल में पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत बेहद खराब रही है। टीम ने सलामी बल्लेबाजों के विकेट पांच ओवर के अंदर ही गंवा दिए थे। यस्तिका आठ और हीली मैथ्यूज तीन रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद हरमनप्रीत और ब्रंट के बीच तीसरे विकेट के लिए 62 गेंद में 89 रन की साझेदारी हुई। ब्रंट 28 गेंद में 30 रन बना सकी। अमेलिया कर तीन गेंद में दो रन ही बना सकी। साजना खाता नहीं खोल सकी। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 44 गेंद में 66 रन बनाए। वहीं, दिल्ली के लिए मरिजनने, जोनासन और चरानी ने दो-दो विकेट झटके।

### स्कोर बोर्ड

**मुंबई इंडियंस**

| | |
|---|---|
| यास्तिका का जेमिमा बो कप्प | 08 |
| मैथ्यूज बो मरिजनने कप्प | 03 |
| नताली का मिन्नु बो चारणी | 30 |
| हरमन का कप्प बो सदरलैंड | 66 |
| अमेलिया का शेफाली बो जोनासन | 02 |
| सजीवन सजना बो जोनासन | 00 |
| कमालिनी स्टंप सारा बो चरानी | 10 |
| अमनजोत कौर नाबाद | 14 |
| संस्कृति गुप्ता नाबाद | 08 |
| अतिरिक्त | 08 |

कुल 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 149 रन

गेंदबाजी : मरिजनने कप्प 4-0-11-2, शिखा पांडे 4-0-29-0, एन्नाबेल सदरलैंड 4-0-29-1, जेस जोनासन 3-0-26-2, नल्लपुरेड्डी चरानी 4-0-43-2, मिन्नु मनी 1-0-10-0

## धर्मशाला में पंजाब किंग्स ने कोच संग की प्रैक्टिस



**नगर संवाददाता — धर्मशाला**

एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में पंजाब किंग्स की टीम के खिलाड़ियों ने जमकर अभ्यास किया। बादलों से घिरे आसमान के बीच सुबह दस बजे के बाद टीम ने स्टेडियम में अभ्यास किया। अभ्यास के बीच हल्की बूंदाबांदी भी हुई। इस दौरान खिलाड़ियों ने स्टेडियम में उपलब्ध इंडोर एरिया में दोपहर बाद तक अभ्यास को जारी रखा। शनिवार को टीम का धर्मशाला स्टेडियम में अभ्यास सत्र का दूसरा चरण भी संपन्न हो गया। एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में पंजाब किंग्स की टीम आईपीएल के तीन मैच खेलेगी। धर्मशाला को पंजाब किंग्स ने दूसरे होम ग्राउंड के रूप में चुना है। पंजाब किंग्स ने शनिवार को कोच रिकी पोंटिंग के नेतृत्व में अभ्यास किया। इस दौरान कोच रिकी पोंटिंग खिलाड़ियों को खेल के गुर सिखाते नजर आए। इस दौरान पंजाब किंग्स के युजवेंद्र चहल, प्रभसिमरन, शशांक के साथ पूरी टीम अभ्यास करती नजर आई।

**दिव्य हिमाचल**

प्रकाशक, मुद्रक एवं प्रधान संपादक अनिल सोनी द्वारा दिव्य हिमाचल प्रकाशन प्रा. लि. के लिए, प्लाट नंबर 23, एचपीएसआईडीसी इंडस्ट्रियल एस्टेट, दवनी, बद्दी, (हि.प्र.) से मुद्रित तथा टिंबर हाउस बिल्डिंग, नजदीक सेंट एडवर्ड स्कूल, शिमला (हि.प्र.), से प्रकाशित। स्थानीय संपादक, संजय अवस्थी समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन।

पंजीयन संख्या-•HPHIN/2003/11579
फोन: (0177) 2629030, 2627667
डाक रजिस्टर्ड नंबर-21

## युजवेंद्र चहल काउंटी चैंपियनशिप और वनडे कप में खेलेंगे

**लंदन।** भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल आईपीएल के बाद काउंटी चैंपियनशिप और वनडे कप के लिए इंग्लैंड का दौरा करेंगे। वह नॉर्थम्पटनशायर की तरफ से खेलेंगे। टीम ने इसकी पुष्टि की है। इंग्लिश क्लब की तरफ से एक पोस्ट में बताया गया कि भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल जून से लेकर सीजन के अंत तक नॉर्थम्पटनशायर की टीम का हिस्सा रहेंगे। उनका पहला मैच 22 जून को मिडलसेक्स के खिलाफ होने की उम्मीद है। चहल पिछले सीजन नॉर्थम्पटनशायर की तरफ से खेल चुके हैं। उन्होंने टीम को चौथे स्थान तक पहुंचाने में अहम रोल निभाया था। टूर्नामेंट के दौरान उन्होंने चार मैचों में 21.10 की औसत से 19 विकेट चटकाए थे। इस दौरान उनका बेस्ट बॉलिंग फिगर 99 रन देकर नौ विकेट रहा था। युजवेंद्र चहल अभी टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं।

## एक नजर

### तू है तो दिल... शादी की सालगिरह पर संजना ने बुमराह पर यूं लुटाया प्यार



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अपनी शादी की चौथी सालगिरह मना रहे हैं। बुमराह ने साल 2021 में एंकर और प्रजेंटर संजना गणेशन के संग शादी रचाई थी। शादी की चौथी सालगिरह पर संजना ने एक बुमराह के साथ एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। संजना ने अपने इस सोशल मीडिया पोस्ट पर बुमराह को टैग करते हुए उनके लिए एक गाने की खूबसूरत लाइन 'तू है तो दिल धड़कता है' डेडिकेट किया है। बुमराह और संजना का एक 2 साल का बेटा भी है। सितंबर 2023 में संजना ने बेटे अंगद को जन्म दिया था।

### आरसीबी कैंप से जुड़े विराट, नए लुक में खेलेंगे 18वां सीजन



**नई दिल्ली।** आईपीएल के आगामी सीजन को शुरू होने में अब सिर्फ एक सप्ताह का समय बचा है। ऐसे में आगामी टूर्नामेंट के लिए सभी टीमें तैयारी में लगी हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम का हिस्सा रहे ज्यादातर खिलाड़ी भी अपनी-अपनी टीम से जुड़ गए हैं। इस बीच भारत के स्टार बल्लेबाज और पूर्व कप्तान विराट कोहली शनिवार को आरसीबी से जुड़ गए हैं। कोहली ने चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीतने में काफी अहम भूमिका निभाई थी और अब रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु के लिए 18वां सीजन खेलने के लिए तैयार हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीतने के बाद भारतीय टीम के कुछ खिलाड़ियों ने ब्रेक लिया हुआ था, जिसके कारण वह अपनी-अपनी फ्रेंचाइजी से देरी से जुड़े हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अभी परिवार के साथ ब्रेक पर हैं और वह भी जल्द ही मुंबई से जुड़ेंगे। आरसीबी ने अपने सोशल मीडिया पर कई पोस्ट शेयर किए हैं, जिसमें वह अलग-अलग पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि फ्रेंचाइजी ने उनका चेहरा नहीं दिखाया। हाल ही में विराट कोहली ने नया हेयरस्टाइल कट करवाया है, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। आरसीबी ने जो तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं, उसमें कोहली के टैटू साफ नजर आ रहे हैं।

### मीरा एंड्रीवा इंडियन वेल्स के फाइनल में सबालेंका से होगी भिड़ंत



**कैलिफोर्निया।** उभरती हुई रूसी स्टार मीरा एंड्रीवा 2001 के बाद से इंडियन वेल्स में महिला फाइनल में पहुंचने वाली पहली 17 वर्षीय खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने पिछले मैच में गत चैंपियन इगा स्वियाटेक को हराया। उन्होंने फरवरी में दुबई में क्वार्टर फाइनल चरण में इगा को हराकर डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट की सबसे कम उम्र की विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया, जिसके बाद लगातार दो टूर्नामेंट में उन्होने दूसरी बार विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी को हराया। रिपोर्ट के अनुसार, एंड्रीवा ने एकतरफा मुकाबले में दूसरा सेट हारने के बाद वापसी करते हुए अनुभवी पोल को 7-6 (7-1) 1-6 6-3 से हराया। फाइनल में उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका से होगा। बेलारूसी खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में अमरीकी मैडिसन कीज़ से मिली हार का बदला लेते हुए 6-0, 6-1 से जीत दर्ज की। नौवीं वरीयता प्राप्त एंड्रीवा ने अंतिम सेट में अपनी वापसी पर कहा, मुझे लगता है कि मैं अपनी घबराहट और दबाव से बहुत अच्छी तरह निपट रही थी, इसलिए मुझे खुद पर गर्व है।

## नीतीश रेड्डी ने पास किया यो-यो टेस्ट, सनराइजर्स हैदराबाद से जुड़ने को तैयार

**नई दिल्ली।** भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी की फिटनेस पर बड़ा अपडेट आया है। साइड स्ट्रेन की समस्या से उबरने के बाद नीतीश आईपीएल की अपनी टीम सनराइजर्स हैदराबाद से जुड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। नीतीश चोटिल होने के कारण जनवरी के बाद से कोई मैच नहीं खेल पाए हैं। नीतीश ने बीसीसीआई के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में यो-यो टेस्ट सहित सभी फिटनेस टेस्ट पास कर लिए हैं। फिजियो ने भी उन्हें खेलने की मंजूरी दे दी है। आंध्र प्रदेश के इस 21 वर्षीय क्रिकेटर ने अपना आखिरी मैच भारत की तरफ से 22 जनवरी को ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। वह उनका पहला टी-20 इंटरनेशनल मैच था। हालांकि उन्होंने उस मैच में बल्लेबाजी या गेंदबाजी नहीं की थी। नीतीश ने चेन्नई में दूसरे टी-20 इंटरनेशनल मैच से पहले नेट्स पर अभ्यास किया था। लेकिन साइड स्ट्रेन के कारण वह उस मैच और पांच मैचों की सीरीज से बाहर हो गए थे। नीतीश को पिछले साल खिलाड़ियों की नीलामी से पहले हैदराबाद की टीम ने छह करोड़ रुपए में बरकरार रखा था।

# रोहित भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में कप्तान

## बीसीसीआई ने किया समर्थन, नौ महीने में जिताए दो आईसीसी खिताब

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो— नई दिल्ली**



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ही इस साल जून में होने वाली पांच मैचों की भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में कप्तानी करेंगे। दरअसल पिछले साल उनकी कप्तानी में भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में हार का सामना करना पड़ा था। सिडनी टेस्ट में वह खुद बाहर हो गए थे। इसके बाद से टेस्ट फॉर्मेट में उनके लीडरशिप रोल को लेकर सवाल उठ रहा था। नौ मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद बीसीसीआई ने उनका समर्थन किया है। रोहित ने बतौर कप्तान भारत को नौ महीने के अंदर दो आईसीसी खिताब जिताए। रिपोर्ट के मुताबिक, रोहित शर्मा ही इंग्लैंड में होने वाली टेस्ट सीरीज में टीम की कप्तानी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में रोहित शर्मा आउट ऑफ फॉर्म दिखे थे। इसके बाद से ही बीसीसीआई ने रोहित का रिप्लेसमेंट तलाशना शुरू कर दिया था। पहले टेस्ट में जसप्रीत बुमराह ने अपनी कप्तानी से टीम को मैच जिताया था, लेकिन लगातार चोटिल होने की वजह से उन्हें भी फुल टाइम कैप्टन नहीं बनाया जा सकता। शुभमन गिल को टीम भविष्य का कप्तान बनाने का सोच रही है, लेकिन उनके पास अभी एक्पीरियंस की कमी हैं।

**वनडे और टेस्ट, दोनों में खेलना चाहते हैं**

**भारत** के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद रोहित ने बताया कि वह वनडे से संन्यास नहीं लेना चाहते। और जून में शुरू होने वाली वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2027 के साथ टेस्ट क्रिकेट का भी हिस्सा रहना चाहता हूं। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज इस साल 20 जून से चार अगस्त तक खेली जाएगी। यह टेस्ट सीरीज 2025-2027 में होने वाले टेस्ट वर्ल्ड कप का हिस्सा है।

**दिव्य हिमाचल**
देवभूमि का सर्वाधिक लोकप्रिय मीडिया

**REQUIRED**

Himachal's No.1 Media Group Requires:

**Editorial Department**

**Special Correspondent**
Candidate should be conversant with multi-edition daily newspaper work environment. Should possess at least 10 years of experience in daily Hindi newspaper and be able to guide and supervise a team. Must have a good grasp of State, National and International events.

**News Anchor**
Candidate must have a pleasant voice and presentation in front of camera and good command of the Hindi language. Fresher can also apply.

**DTP Operator**
Graduate degree; and experience in QuarkXRress, Photoshop, good speed in Hindi & English Typing. Fresher can also apply.

**Applicants can also meet personally at Shimla Bureau on any working day (Monday-Saturday) as per their convenience.**

**Location:** Bureau Office, Shimla

**Please email your CV: jobs@divyahimachal.com**
**sbc@divyahimachal.com**
**Contact: 01892 264713, 94180 93445**




**HIMACHAL: JASSUR: JKR:** 9152104173. **KANGRA: JKR:** 7506020989. **DEHRA: JKR:** 9152104168. **CHAMBA: JKR:** 9152104167. **PALAMPUR: JKR:** 9152104177. **UNA: JKR:** 9805508427. **MANDI: NG Automobiles:** 9619084140. **SARKAGHAT: NG Automobiles:** 9619481826. **KARSOG: NG Automobiles:** 9619481030. **HAMIRPUR: NG Automobiles:** Vill Chattar, 8291065774. **KULLU: NG Automobiles:** 8291066139. **BILASPUR: NG Automobiles:** 8291065820. **NADAUN: NG Automobiles:** 8291066715. **JOGINDERNAGAR: NG Automobiles:** 9619084140. **TIRA SUJANPUR: NG Automobiles:** 8291065774. **BADDI: JP:** 9152104166. **SOLAN: JP:** Barog Bye Pass, 7506021008. **POANTA SAHIB: JP:** 9152104179. **SHIMLA: JP:** 9152104192. **RAMPUR: JP:** 9152104190. **NALAGARH: JP:** 9152104166. **ROHRU: JP:** 9152104192.

Images and Illustrations are indicative and for information purposes only. All features/specifications are not available in all variants and may vary for different variants. Specifications/features are subject to change without prior information. Colours may vary due to printing limitations. Altroz is available in Petrol, CNG & Diesel. *26.03 cm largest in hatchback segment less than 4m. Offers valid till 31st March '25. Starting price of Altroz XE Petrol, Ex Showroom New Delhi. *Offers are from multiple Financiers. *Finance at sole discretion of Financier. *Benefits up to differs from model to model and is inclusive of consumer offer, exchange bonus and maximum corporate offer. Terms & Conditions apply. 12300953